26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 06 दिसम्बर, 2025

अंक- 43 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

**POOJA HOSPITAL & HEALTH CARE CENTRE**

हमारे हॉस्पिटल में निम्न पदों के लिए अनुभवी एवं योग्य उम्मीदवारों की तत्काल भर्ती की जा रही है-

1. नर्सिंग स्टाफ - Male & Female (GNM/ANM)
   अनुभव: न्यूनतम 1 से 2 वर्ष
2. गार्ड स्टाफ - अनुभव: न्यूनतम 1 वर्ष 3. स्वीपर स्टाफ - अनुभव: न्यूनतम 1 वर्ष

वेतन: अनुभव एवं योग्यता के अनुसार

स्थान: Pooja Hospital and Health Care Centre Near Mota Aam, Najibabad, Bijnor, U.P.


आवेदन करने का तरीका

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा एवं अनुभव प्रमाणपत्र निम्न माध्यमों से भेजें- संपर्क नंबर- 9837829991, 9639953530 आवेदन की अंतिम तिथि- 14/12/2025

# 15 हजार लोगों की कैपेसिटी वाला डिटेंशन सेंटर मॉडल तैयार

## बायोमेट्रिक और सीसीटीवी से होगी सुरक्षा

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठियों और रोहिंग्या शरणार्थियों को रखने के लिए डिटेंशन सेंटर की तैयारी हो रही है। इसका पहला मॉडल सार्वजनिक किया गया है। इस मॉडल में डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था, क्षमता और तकनीकी सुविधाओं का पूरा डेमो दिखाया गया है।



जानकारी के अनुसार, इस डिटेंशन सेंटर का डिजाइन 15 हजार लोगों को रखने की क्षमता वाला है। पश्चिमी यूपी के कमिश्नर ने इसे सरकार को भेजा है और गृह विभाग को इसकी समीक्षा के लिए निर्देशित किया गया है। मॉडल में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

त्रिस्तरीय सुरक्षा कवच, बायोमेट्रिक सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। फेस रिकॉग्निशन और थंब इंप्रेशन के जरिए ही किसी व्यक्ति को डिटेंशन सेंटर में प्रवेश की अनुमति मिलेगी, जिसे कंट्रोल रूम से जारी किए जाने वाले ग्रीन सिग्नल से सुनिश्चित किया जाएगा।

सुरक्षा के लिहाज से मंडलायुक्त ने केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की सिफारिश की है और डिटेंशन सेंटर में 50 केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों की स्थायी नियुक्ति करने की योजना बनाई गई है। मॉडल में पुरुष और महिलाओं को एक ही परिसर में रखने की व्यवस्था दिखाई गई है, लेकिन उनकी अलग-अलग सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

गृह विभाग द्वारा डेमो मॉडल की जांच और मंजूरी के बाद प्रदेश के 17 नगर निकायों में डिटेंशन सेंटर बनाने की योजना है। इसके अलावा, घुसपैठियों की संख्या अधिक होने पर किसी नगर निकाय में एक से अधिक सेंटर स्थापित किए जा सकते हैं।

पश्चिमी यूपी में यह पहला कदम माना जा रहा है, जो अवैध प्रवासियों और शरणार्थियों की संख्या को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी सुनिश्चित करने में मदद करेगा। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के सेंटर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल


**तत्सव हेल्थ केयर**

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

सम्पर्क सूत्र : 8279960281



**डॉ. शुभम अग्रवाल**

MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)

पूर्व चिकित्सक

शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ

MBBS, MS (ENT)

मिलने का समय :

सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक

शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ

MBBS, MD

मिलने का समय :

दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)



सुविधाऐं :

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# कोटद्वार के युवक की नजीबाबाद में हादसे में मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात नगर के दो ओवरब्रिज के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से कोटद्वार के एक युवक की मौत हो गई। बीती रात करीब 11 बजे डबल फाटक व कोटद्वार मार्ग स्थित दो ओवरब्रिज के बीच तहसील की ओर जाने वाले मार्ग पर डॉ. अक्षय शर्मा की क्लीनिक के बाहर कोई अज्ञात वाहन एक युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जाब्तागंज पुलिस चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पांडेय ने पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त मोहित (35वर्ष) पुत्र बाबूराम निवासी आमसोड़ कोटद्वार के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

**मकान बिकाऊ**

बिजनौर में चर्च के निकट, डीएम कम्पाउंड के सामने 350 वर्ग गज में बना बेहद अच्छी कंडीशन का एक मकान 46 (फ्रंट) x 68.5, 7 कमरे, बिकाऊ है। सम्पर्क करें-

मो. 9821118478, 8958177144



खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेंसीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





## राशिफल

**विमल जैन**

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**रविवार, 07 दिसम्बर 2025**

मेष- आज रात्रि 10/39 बजे तक प्रगति का सुअवसर, निराशा का समापन, नवसम्पर्क उपयोगी, शेष समय भाग्य के विपरीत, पारिवारिक कलह, समस्याओं से चिन्तित।

वृषभ- अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उत्साह में वृद्धि, आत्मिक शान्ति।

मिथुन- परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, पुराने विवाद का समापन, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, आपकी सौहार्द, मानसिक शान्ति।

कर्क- आज रात्रि 10/39 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से तनाव, शेष समय में निराशा का समापन, दूसरे की आश्वासनों से आत्मिक राहत।

सिंह- आज रात्रि 10/39 बजे तक इच्छा की पूर्ति, अध्यात्म के प्रति रुचि, आहार-विहार में नवीनता, शेष समय निराशाजनक, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, गलत फहमी के शिकार।

कन्या- परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोभिलाषित योजना पूर्ण होने की ओर, वैवाहिक जीवन सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।

तुला- चिरवांछित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, संकल्प सिद्धि, लाभ का सुयोग।

वृश्चिक- आज रात्रि 10/39 बजे तक दिनमान प्रतिकूल, अधीनस्थ सहयोगी से अनबन, वाहन से भय, शेष समय अच्छा, व्यापारिक प्रगति, उच्चाधिकारियों का सहयोग।

धनु- आज रात्रि 10/39 बजे तक कार्यों में सफलता, शुभ विचारों का उदय, यात्रा संतोषजनक, शेष समय अशुभ, आर्थिक पक्ष असंतोषजनक, विरोधी प्रभावी।

मकर- उन्नति का सुअवसर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, योजना साकार होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

कुम्भ- नवयोजना दृष्टिगत, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

मीन- आज रात्रि 10/39 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, विवाद की आशंका, शेष समय भाग्य के पक्ष में, प्रेम संबंधों में मधुरता, यात्रा का सुयोग।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# गन्ना मूल्य बढ़ाने पर भाकियू ने जताया आभार

## मुख्यमंत्री बोले- किसानों की हितैषी है सरकार

**लखनऊ/बिजनौर( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन ( अराजनीतिक ) के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास 5-कालीदास मार्ग पर सम्पन्न हुई।**

इस बैठक में भाकियू (अ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान, पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान, भाकियू (अ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र रंधावा, युवा भाकियू (अ) के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिगंबर सिंह तथा कोषाध्यक्ष बिंदु कुमार अतुल बालियान उपस्थित रहे।





बैठक के दौरान भाकियू (अ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान ने गन्ना मूल्य में वृद्धि किए जाने पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने गन्ना क्रय केंद्रों पर लगने वाले भाड़े को समाप्त करने, धान खरीद में तेजी लाने, मोरना शुगर मिल तथा नजीबाबाद शुगर मिल के विस्तारीकरण, गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से निकाले जाने सहित किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं समाधान के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की।

पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान ने किसान हितों से संबंधित नीतियों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों पर भी अपने विचार रखे और सरकार से इन विषयों पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे। बैठक किसान हित में आगे भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की सहमति के साथ सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई।

### जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाये रखें

बिजनौर की जनता अपने जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाकर रखे। और बिजनौर के जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध है की मजबूती के साथ अपनी बात को लखनऊ में रखने का काम करें।

### हार हुई तो जनप्रतिनिधि जिम्मेदार

दिगम्बर सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे के मुद्दे पर यदि एक प्रतिशत भी हार के चांस बने तो यह हर बिजनौर के जनप्रतिनिधियों के कारण होगी, क्योंकि जनप्रतिनिधि षड्यंत्रकारियों को गुलदस्ते देने में लगे रहते हैं। बिजनौर से दिगंबर सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान भी शामिल रहे।

### यह लड़ाई बिजनौर के हक़ की- दिगंबर

**भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि बिजनौर के सर्वांगीण विकास हेतु गंगा एक्सप्रेस-वे के महत्व को मुख्यमंत्री जी के सामने रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भेदभाव बिजनौर के साथ नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद दिगम्बर सिंह ने बिजनौर की जनता और जनप्रतिनिधियों से जागते रहने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टकार्ड अभियान की गूंज मुख्यमंत्री जी तक पहुंची है और मुख्यमंत्री हर चीज को लगातार वॉच कर रहे हैं। दिगम्बर सिंह ने खेदपूर्वक कहा कि बिजनौर के कुछ जिम्मेदार लोग यह माहौल बनाने में लगे हैं कि बिजनौर को अब गंगा एक्सप्रेस-वे की जगह गोरखपुर-शामली हाईवे मिल रहा है। लेकिन दोनों एक्सप्रेस-वे अलग-अलग हैं। गोरखपुर-शामली हाईवे गंगा एक्सप्रेस-वे को क्रॉस करेगा और यह लड़ाई बिजनौर व मुजफ्फरनगर के बीच की लड़ाई नहीं है, यह लड़ाई बिजनौर के हक की लड़ाई है।**

# फरीदकोट ने दिल्ली को पराजित किया

**याद-ए-खलील फुटबॉल टूर्नामेंट**

**नगीना ( चिंगारी )।** ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन फरीदकोट की टीम ने दिल्ली की टीम को 4-1 से पराजित कर मैच जीत लिया।

शुक्रवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित मैदान पर नगीना फुटबॉल क्लब की तरफ से आयोजित याद-ए-ख़लील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन का मैच फरीदकोट व दिल्ली की टीम के बीच खेला गया।

मैच में फरीदकोट की टीम ने दिल्ली की टीम को 4-1 के स्कोर से पराजित किया। रैफरी गोहर निसार,कुंवर अमरजीत सिंह, लाइनमैन सुभाष कपूर उर्फ़ पप्पी, निसार मुल्तानी कमैंन्ट्रेटर आज़म मुल्तानी व इरफ़ान अंसारी रहे। इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, सचिव कुंवर अमरजीत सिंह, नौशाद अप्पा, विहिप नेता मोहित गोयल, बाबू अब्दुल समद, ज़ाहिद अंसारी, इक़बाल कुरैशी, अब्दुल वहाब मुल्तानी, शेख़ नौशाद परवेज़, निसार मुल्तानी, मोहसिन चांद, नासिर मुल्तानी जब्बार मुल्तानी, शाकिर उस्मानी, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, कुंवर अमरजीत, अज़ीम मुल्तानी, शामशुद्दीन मुल्तानी, ताहिर मुल्तानी, राकेश मिश्र, शेख जमशेद आदि मौजूद रहे।



आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में खेलते खिलाड़ी।

## बिहार चुनाव में मिली हार से बौखलाया है विपक्षः पाठक

**सीतापुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि बिहार चुनाव में जबरदस्त हार के कारण विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं। श्री पाठक ने भाजपा कार्यालय में पहुंचकर विशेष मतदाता परीक्षण (एसआईआर) के संबंध में कार्यकर्ताओं से बैठक की और हर मतदाता का सहयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को फॉर्म भरने में कठिनाई आ रही है, वह उनकी कठिनाइयों को भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में दूर करें। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वर्ष 2017 का इतिहास भाजपा दोहराएगी। विपक्ष अपनी संभावित हार के कारण अनर्गल आरोप लग रहे हैं।

## एसटीएफ नोएडा यूनिट ने 100 करोड़ लोन का फर्जीवाड़ा करने वाले 8 सदस्यीय गैंग को गिरफ्तार किया

**नोएडा ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की नोएडा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) यूनिट द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 10 बैंकों से 100 करोड़ रुपए का लोन कराकर फायदा उठाने वाले एक गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। नोएडा एसटीएफ पुलिस ने शुक्रवार देर शाम को फर्जीवाड़े में गिरफ्तार आठ लोगों से बरामद फर्जी दस्तावेज का खुलासा करते हुए जानकारी दी। नोएडा एसटीएफ पुलिस को एक बैंक द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी, जिससे तहरीर प्राप्त करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें जानकारी में बताया गया कि एक संगठित गिरोह द्वारा कूटरचित दस्तावेज बनाकर लोगों के घरों के फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आज़म दोषी करार, सात साल की सज़ा

**रामपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** रामपुर की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को फर्जी पासपोर्ट मामले में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुये अधिकतम सात साल की सज़ा और 50 हजार रुपए का जुर्माना किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अब्दुल्लाह आजम को एमपी एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता स्वदेश कुमार शर्मा ने बताया कि क्राइम नंबर 594/ 2019 में न्यायालय ने गिल्टी होल्ड किया है। अब्दुल्ला आजम पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 में सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। 420 में 3 साल और 10000 रुपये जुर्माना, 467 में 7 वर्ष की सजा और 20000 रुपये जुर्माना, 468 में 3 साल की सजा और 10000 रुपये जुर्माना, वहीं 471 में 2 साल की सजा और 10000 रुपये का जुर्माना का प्रावधान किया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर सजा का समय बढ़ जाएगा।







विशेष श्रद्धांजलि सभा

प्रेरक उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य – उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक – उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र देव सिंह – मंत्री, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण, उत्तर प्रदेश | जयवीर सिंह – मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश | असीम अरुण – राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश

सुषमा खर्कवाल – महापौर, लखनऊ | डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल' – सदस्य, विधान परिषद

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 6 दिसंबर, 2025 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर, हजरतगंज, लखनऊ

बाबा साहेब के विचारों के प्रति संकल्पित सरकार

✦ जीरो पॉवर्टी योजना का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखा गया ✦ लखनऊ में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण (बाबासाहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, पुस्तकालय, शोध केंद्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय) ✦ श्रमिकों एवं वंचितों के बच्चों की उत्तम शिक्षा हेतु सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन ✦ डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास योजना (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा में सहायता के लिए छात्रावासों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण) ✦ प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की तस्वीर लगाना अनिवार्य ✦ कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नामकरण पुनः डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय

विशेष आकर्षण

- बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अस्थिकलश कक्ष में बुद्ध वन्दना एवं त्रिशरण पंचशील का पाठ
- बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के अस्थिकलश पर पुष्पांजलि

▶ लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

**भली लगे या बुरी ...**

## भारत-रूस मैत्री

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण रही। उनकी इस यात्रा के दौरान भारत-रूस मैत्री को नये आयाम मिले। राष्ट्रपति पुतिन पिछले लगभग 25 साल से रूसी सत्ता के शिखर पर हैं तथा राजनीतिक अस्थिरता से भरी दुनिया में अमेरिकी साम्राज्यवाद विरोधी धुरी का केन्द्र बने हुए हैं। आजादी के बाद से ही भारत के पहले सोवियत संघ और अब रूस के साथ प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। वास्तव में भारत-सोवियत मैत्री दोनों देशों की जनता की दोस्ती में बदल गई है और उसका विस्तार साहित्य, संस्कृति, सभ्यता, थियेटर, सिनेमा तथा विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक अध्ययन तक हुआ है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश के अधिकांश स्वतंत्रता सेनानी महान सोवियत समाजवादी क्रांति से प्रभावित थे। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी राजा महेन्द्र प्रताप सिंह सोवियत क्रांति के बाद लेनिन से मिलने रूस भी गए थे और देश के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में उनसे विचार-विमर्श किया था। कम्युनिस्ट पार्टी की हिंसक क्रांति का रास्ता न पसंद करने वाले अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने लेनिन को 'महात्मा' घोषित करते हुए कहा था कि 'महात्मा लेनिन और उनके साथियों का त्याग लंबे समय तक उनके देश को दिशा देता रहेगा।' पंडित जवाहरलाल नेहरू अपनी बेटी इंदिरा गांधी के साथ रूस की यात्रा पर गए थे और वहां समाजवादी विकास की दिशा से बहुत प्रभावित थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश में भारी उद्योगों के विकास, सार्वजनिक क्षेत्र तथा पंचवर्षीय योजना जैसे अनेक कदम 'सोवियत मॉडल' से प्रभावित होकर ही उठाए थे। महान कवि व नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भी रूस की यात्रा की थी और वे वहां आमूल परिवर्तनकारी कदमों से बहुत प्रभावित थे। 'रूस से चिट्ठी' में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने सोवियत संघ में हो रहे परिवर्तनों का विस्तृत वर्णन किया था। यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि जब सोवियत संघ जोसेफ स्टालिन के नेतृत्व में हिटलरी फासीवाद से लड़ रहा था, तब महात्मा गांधी ने भी कहा था कि 'हिटलर के खिलाफ की जाने वाली कोई भी हिंसा अहिंसा है, क्योंकि उसे अहिंसा से परास्त नहीं किया जा सकता है।'

( आगे सोमवार के अंक में )

# सामाजिक समरसता के अग्रदूत
# डॉ. भीमराव आंबेडकर

▶▶ राजीव कुमार 'राज' ( मुरादाबाद )

भारत को परम-वैभव पर पहुंचते हुए देखना हर राष्ट्रभक्त का स्वप्न है। इसके निमित्त अथक प्रयास स्वाधीनता से पहले भी हुए थे और आज भी अनवरत जारी हैं। भारत परम-वैभव की स्थिति में तभी पहुंच सकता है, जब उसके समस्त अवयव एक समान एवं पुष्ट हों तथा इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयासरत हों। डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर यद्यपि प्रथम नहीं, किन्तु सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति आवश्य हैं जिन्होंने इस तथ्य को उस समय रेखांकित किया, जिस समय राष्ट्र के भद्रजन अन्य-अन्य क्रियाकलापों में व्यस्त थे। वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को राष्ट्र-निर्माण में उनके अप्रतिम योगदान से साक्षात्कार कराना आज के चिन्तकों, विश्लेषकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का नैतिक कर्तव्य एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके द्वारा एक आदर्श विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, दार्शनिक, धर्मशास्त्री, लेखक, पत्रकार, सम्पादक एवं कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में किए गए प्रत्येक कार्य से आज भी अखण्ड-भारत के निर्माण एवं उसे परम-वैभव पर पहुंचाने के प्रयासों को दिशा एवं गति प्राप्त होती है। यद्यपि आप एक व्यक्ति के रूप में जन्मे किन्तु अपने कृतित्व से 'व्यक्तित्व एवं विचार' बनकर, सदा के लिए 'वर्तमान' हो गए। आपकी 69 वीं पुण्यतिथि पर सम्पूर्ण राष्ट्र कृतज्ञता के साथ आपको भावभीनी श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। वस्तुत: अपने जीवन के प्रारम्भ (जन्म- मंगलवार 14 अप्रैल, सन्-1891 को महू, मध्य प्रदेश) से परिनिर्वाण (वृहस्पतिवार 6 दिसंबर, सन्-1956, नई दिल्ली) तक, पग-पग पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इत्यादि सभी प्रकार के थोपे गए भेदभावों एवं अपवंचनाओं को भोगकर; तथागत गौतम बुद्ध, संत कबीर और महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले से प्रेरणा लेकर, न्याय, समानता एवं बंधुत्व के लिए आजन्म संघर्ष कर, जीवन लंबा नहीं, बल्कि महान होना चाहिए उक्ति को चरितार्थ कर अपनी 'अल्प जीवन यात्रा' (65 वर्ष, 7 माह एवं 23 दिन) को सार्थक करने वाली दिव्यात्मा डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर (जिन्हें 'भारतीय संविधान के शिल्पकार', 'विश्व में ज्ञान का प्रतीक', 'वंचितों एवं महिलाओं के मुक्तिदाता' आदि विशेष उपनामों से जाना जाता है) ने पढ़-पढ़कर अपना भविष्य स्वयं बनाया। अपने आत्मबल और विलक्षण प्रतिभा से अपने हाथ की रेखाओं को बदलना तथा आलोचनाओं से विचलित हुए बिना ध्येय पथ पर कैसे आगे बढ़ा जाता है, ये हमें उसी 'महामानव' ने सिखाया। डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों (सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक, इत्यादि) एवं सभी वर्गों (बालक, बालिका, महिला, युवा, वृद्ध, दिव्यांग, श्रमिक, बेरोजगार, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक इत्यादि) के लिए पर्याप्त काम किया है। सभी भारतवासी उनके लिए अपने थे। किसी भी कार्य को करते समय 'राष्ट्र' सर्वदा उनकी 'प्रथम प्राथमिकता' में रहा। किंचित भी उनके जीवन-वृत पर कोई प्रश्न-चिह्न नहीं है। आज भारत सहित सम्पूर्ण विश्व 'समानता' एवं 'राष्ट्रभक्ति' दोनों विषयों पर गंभीर है। यह डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की वर्तमान वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रासंगिकता को दर्शाता है, क्योंकि यही दोनों विषय उनके कर्मक्षेत्र की मुख्य विषय-वस्तु थे। उनके कथन- 'सामाजिक समता के बिना स्वतन्त्रता निरर्थक है' तथा 'हम सबसे पहले और अन्त में भारतीय हैं', समानता के प्रति उनकी सम्यक दृष्टि एवं राष्ट्रभक्ति के मौलिक चिन्तन को दर्शाते हैं।



# नाबालिग को अपने साथ ले गया गैर सम्प्रदाय का युवक

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों को पकड़ा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** गैर सम्प्रदाय का युवक एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया। मामला अलग-अलग सम्प्रदाय का होने के कारण मामला गर्मा गया, जिसे देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने बताया कि किरतपुर के एक व्यक्ति ने कल शाम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी 15 साल की बेटी को पास के गांव कसौर का दूसरे सम्प्रदाय का युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत भागदौड़ शुरू कर दी। रात में ही पुलिस की तीन टीमें बनायी गईं जिन्होंने लड़का व लड़की दोनों को बरामद कर लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही थी।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन बाइक सवार घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** दो बाइकों की आपकी भिड़ंत में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। शुक्रवार की देर सायं को नहटौर में पैजनिया मार्ग पर ग्राम जमालपुर में दो बाइक सवारों की आपस मे टक्कर हो गयी, जिसमें दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। बाइक सवार मोहल्ला होलियान निवासी 50 वर्षीय पप्पू पुत्र बुन्दू, मोहल्ला हाथीवाला मंदिर निवासी 60 वर्षीय खुर्शीद पुत्र हमीद और नगीना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी 25 वर्षीय रविन्द्र पुत्र ऊदल सिंह घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर में भर्ती कराया, जहां पर उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## अवैध रूप से नहीं बिकनी चाहिए नशीली दवाई, मगर ठीक नहीं इतनी कठोर कार्रवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने जनपद के खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन को पत्र लिखकर कोडीनयुक्त दवाओं के मामले में की जा रही अत्यधिक कठोर कार्रवाई को संदर्भ में संतुलित नीति अपनाने की अपेक्षा की है। पत्र में एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि विभाग द्वारा नशे की रोकथाम एवं दवाओं के दुरुपयोग को नियंत्रित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की हम सराहना करते हैं। कोडीनयुक्त दवाओं की अवैध बिक्री एक गंभीर समस्या है। एसोसिएशन शुरू से ही अपने सभी सदस्य कैमिस्टों को निर्देशित करती रही है कि वे नशीली या बिना बिल की दवाएं किसी भी स्थिति में न बेचें। हाल ही में कोडीन से संबंधित मामलों में की जा रही कार्रवाई में अत्यधिक कठोरता देखने में आयी है। कई स्थानों पर मामूली मात्रा की बिक्री पर भी गिरफ्तारी, सम्पत्ति कुर्की तथा अपराधियों जैसा व्यवहार किये जाने से नियमानुसार काम करने वाले कैमिस्टों में गहरी चिंता एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। सुबोध कुमार का कहना है कि दवाओं के दुरुपयोग पर कड़ाई आवश्यक है, किंतु यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि उन कैमिस्टों के साथ संतुलित व्यवहार किया जाये, जो वर्षों से दिन-रात मरीजों की जान बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आये हैं। अनेक अवसरों पर रात में भी आपात स्थिति होने पर कैमिस्ट अपने घर से निकलकर रोगियों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराते हैं।

# 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' शिविर का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन में आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 569781 खातों में रु. 101.42 करोड़ धनराशि की संपत्ति बिना दावे के पड़ी है, जिसमें से 530 खातों में रु. 1.91 करोड़ रुपये की बिना दावे की धनराशि का निपटान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ वित्तमंत्री, भारत सरकार, निर्मला सीतारमण द्वारा 4 अक्टूबर 2025 को गांधीनगर, गुजरात में किया गया। इस अभियान का शीर्षक 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' रखा गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों का दावा करने के लिए सशक्त बनाना है। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को बैंक जमा, बीमा पॉलिसियों, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय जैसी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जानकारी देना, उनकी पहचान करना और दावा प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस दौरान नागरिकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अपनी संपत्तियों का पता लगाने, रिकॉर्ड अपडेट करने तथा दावा करने की प्रक्रिया का चरण-दर-चरण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्राहकों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गए तथा विभिन्न विभागों को उक्त योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया, जिससे अधिक से अधिक खातों का निपटान किया जा सके। इस अवसर पर डीडीओ बिजनौर, एलडीएम बिजनौर तथा डीडीएम नाबार्ड तथा समस्त बैंक के अधिकारीगण व सम्मानित ग्राहकगण उपस्थित रहे।

## मौसम चौधरी ने दिया राशन डीलरों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन



**बिजनौर (चिंगारी)।** राशन डीलरों ने अधिवेशन में कमीशन बढ़ाने और उत्पीड़न रोकने की मांग रखी। भाजपा नेता ऐश्वर्य चौधरी ने राशन डीलरों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता ऐश्वर्य चौधरी ने कहा कि राशन डीलर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग देते हैं। उनके माध्यम से सरकार जनता को सस्ती दर पर राशन वितरित करती है। कोरोना के समय राशन डीलरों ने समय से राशन बांटकर महत्वपूर्ण कार्य किया। सम्मेलन में राशन डीलरों ने सरकार से अनाज बांटने पर कमीशन बढ़ाने, उनका मानदेय निर्धारित करने, बारदाने के वजन के बराबर अलग से अनाज देने की मांग की। ऐश्वर्य चौधरी ने इन समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिलाया। सम्मेलन की अध्यक्षता गजेंद्र सिंह व रामपाल सिंह तथा संचालन धनीराम कश्यप ने किया। बैठक में रोहित चौधरी, बहार आलम, शमशेर, बेगराज सिंह, देवेंद्र सिंह, रोबिन ने किया।

## दिल्ली पुलिस ने आसिफ को साथ लाकर पिस्टल बरामद किया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** आतंकी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के आरोप में गत दिनों गिरफ्तार किए गए थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मच्छमार निवासी आसिफ उर्फ आरिश को शुक्रवार को दिल्ली पुलिस रिमांड पर उसके घर ग्राम मच्छमार लाई, जहां से पुलिस द्वारा एक पिस्टल व कारतूस बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के आरोप में जिन तीन युवकों को गत दिनों गिरफ्तार किया है, उनमें थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मच्छमार निवासी आसिफ उर्फ आरिश पुत्र अल्ताफ शाह भी शामिल है। आसिफ उर्फ आरिश को पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा गत दिनों गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि दिल्ली स्थित लालकिले पर हुए आतंकी हमले के बाद से पुलिस आतंकी नेटवर्क की जड़ें खंगालने में लगातार प्रयासरत है और इसी प्रयास के क्रम में मध्य प्रदेश व पंजाब से गिरफ्तार आतंकी कनेक्शन में प्रकाश में आए दो युवकों के साथ-साथ जनपद बिजनौर के थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मच्छमार निवासी आसिफ को भी गिरफ्तार किया गया।

## बिजनौर की बास्केटबॉल टीम गाजियाबाद रवाना

**बिजनौर (चिंगारी)।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 64वीं उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 जो कि एच.आर. आई. टी. विश्वविद्यालय, दुहाई, गाजियाबाद में 11 दिसंबर तक आयोजित होगी। बिजनौर की टीम का चयन 30 नवम्बर को डी.डी.पी.एस. बिजनौर के मैदान पर आयोजित 4 दिवसीय प्रशिक्षण के आधार पर किया गया। चयनित टीम में धनंजय मिश्रा (कप्तान), शशांक दिवाकर, हेमन्त त्यागी, उत्कर्ष राजपूत, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद एहतेशाम, उदितांशु, प्रताप सिंह, ऑगस्टाइन तिर्की, सुमित मसीह, दीपक राज, आर्यन सैनी एवं विश्वजीत सिंह शामिल हैं। टीम के फाइनल चयन के अवसर पर बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी एवं संगठन सचिव मोहम्मद राशिद उपस्थित रहे। बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने ज़िले की पुरुष बास्केटबॉल को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और बिजनौर ज़िले का नाम रोशन करने का आशीर्वाद देकर गाजियाबाद के लिए रवाना किया।




फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे दिवंगत बीएलओ शोभा रानी के घर

## एक करोड़ की आर्थिक सहायता की मांग

**धामपुर (चिंगारी)।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को मोहल्ला बाड़वान स्थित एसआईआर कार्य में लगी बीएलओ स्व. शोभा रानी के घर पहुंचे और उनके पति कृपाल सिंह को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि एसआइआर के काम के दबाव में बीएलओ अपनी जान गंवा रहे हैं। प्रदेश में दस से अधिक बीएलओ की मौत हो चुकी है। अजय राय ने पदेश सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

शुक्रवार की सांय अजय राय स्व. शोभा रानी के मोहल्ला बाड़वान स्थित आवास पर पहुंचे। परिवार को सांत्वना देते हुए उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने की बात कही। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि काम के दबाव में बीएलओ की बिजनौर ही नहीं जौनपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, फतेहपुर आदि में भी मृत्यु हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है। आज प्रदेश में अत्याचार बढ़ रहा है, कानून व्यवस्था फेल है। उन्होंने बीएलओ को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय तक लड़ाई लड़ने की बात कही।



परिजनों से वार्ता करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह, उपाध्यक्ष आदित्य चौहान, पूर्व उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, ब्लाक अध्यक्ष जसराम सिंह, शेरबाज पठान, नीरज चौधरी, उदयराज सिंह, सतीश चौहान, कुंवरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगवानी करते हुए जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता।

### आर्थिक सहायता की घोषणा नहीं की, चंदे से करेंगे मदद

**प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के आने पर परिजनों को उम्मीद थी कि कांग्रेस की ओर से परिवार को आर्थिक सहायत, की घोषणा की जाएगी, लेकिन अजय राय ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस तन-मन-धन से परिवार के साथ है। यदि आवश्यकता पड़ेगी, तो परिवार को कांग्रेस की ओर से चंदा एकत्र करके सहायता की जाएगी। सपा द्वारा शोभा रानी के परिवार को दो लाख रुपए देने की बात पर अजय राय ने कहा कि अच्छी बात है, सपा को अधिक से अधिक सहायता देनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर कांग्रेस चंदा एकत्र करके परिवार की मदद करेगी।**

# व्यापारियों को एसआईआर की जानकारी दी



नगर के मेन मार्केट में व्यापारियों को एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए।

**धामपुर (चिंगारी)।** चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे वृहद विशेष मतदाता पुन निरीक्षण अभियान के अंतर्गत कल भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल के नेतृत्व में खारी कुआं से लेकर जैतरा रेलवे फाटक तक दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों को एस आई आर फॉर्म भरने के बारे में जागरूक किया गया और उनसे शीघ्र फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा करने का अनुरोध भी किया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रहे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलौत उदित जैन, दीपक अग्रवाल, जेके, शेखर अग्रवाल, सभासद सुमित महेश्वरी, मुकुल सैनी पूर्व नामित सभासद भूपेंद्र सैनी, विभोर अग्रवाल, सुगम जैन आदि शामिल रहे।

# कैंटर की टक्कर से रेलवे फाटक के पास लगा हाइट गेज टूटकर गिरा

## कैंटर चालक ग़िरफ़्तार

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के नहटौर रेलवे फाटक पर शुक्रवार को एक कैंटर चालक ने असावधानीवश रेलवे फाटक के पास लगा हाइट गेज तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने चालक को गिरफ्तार कर कैंटर को कब्जे में ले लिया। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रतापगढ़ जनपद के थाना महेशगंज के गांव गरीबपुरा निवासी 25 वर्षीय चालक अनुज कुमार पुत्र मोती लाल शुक्रवार रात दादरी से कैंटर में रिफाइंड के कनस्तर लेकर धामपुर आया था। जब वह धामपुर में नहटौर रेलवे फाटक पर पहुंचा तो कैंटर का अगला हिस्सा निकल गया, लेकिन पिछले हिस्से से फाटक के बाहर लगा हाइट गेज टकरा गया। जिससे हाइट गेज टूटकर नीच गिर गया। केबिन मैन की



सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने चालक अनुज को हिरासत में लेकर कैंटर को कब्जे में ले लिया। आरपीएफ की ओर से चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरपीएफ ने चालक का चालान कर दिया है। उधर,कल देर शाम रेलवे विभाग ने फाटक के निकट टूटे हाइट गेज को की मरम्मत कर उसे ठीक कर दिया है।

# सीओ अभय पांडे ने किया आह्वान, साइबर ठगों से रहें सावधान!

**धामपुर (चिंगारी)।** शुक्रवार को स्योहारा मार्ग स्थित रानी बाग पुलिस चौकी पर आयोजित कार्यक्रम में सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने आम लोगों को जागरुक करते हुए साइबर ठगी व ऑनलाइन फ्राड होने पर तुरंत हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से तकनीक बढ़ रही है, उसी प्रकार से साइबर ठग भी ठगी के लिए नये-नये तरीके अपना रहे हैं। पहले ओटीपी पूछकर ठगी की जाती थी, अब लोग जागरुक हो गए हैं तो ठगों ने एपीके फाइल के रूप में शादी के कार्ड भेजना, परिवारजन की तबीयत खराब होने के लिए रुपए मांगने या पुलिस द्वारा पकड़े जाने आदि के नाम पर रुपए ऐंठने शुरू कर दिये हैं।

उन्होंने कहा कि लोन पास कराने के लिंक भेजकर ठगी करने और वीडियो काल करके डिजिटल अरेस्ट करने आदि के रूप में ठगी की जा रही हैं। सीओ अभय कुमार पांडे ने कहा कि किसी की वीडियो काल आने पर यदि रिसीव करें तो अपने उंगली से फ्रंट कैमरा छिपा लें, इससे आपकी फोटो और वीडियो सामने वाले के पास नहीं जा सकेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के साथ ठगी करने पर तुरंत हेल्प लाइन 1930 पर काल करें। कुछ लोग ठगी की शिकायत नहीं करते हैं, जिससे साइबर ठगों का मनोबल बढ़ रहा है।

# राजा का ताजपुर गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी धामपुर में सम्मानित



पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए सरदार सतवंत सिंह सलूजा।

**धामपुर (चिंगारी)।** जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने धामपुर में आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजा का ताजपुर के अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह तथा कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों को उनके द्वारा की जा रही पंथ की सेवाओं के साथ ही जनपद के सिख समाज की समस्याओं के निवारण हेतु बढ़-चढ़कर दिये जा रहे योगदान के लिए शॉल और सरोपे भेंट कर सम्मानित किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक के निकट आयोजित कार्यक्रम में राजा का ताजपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह, सचिव सरदार गुरदयाल सिंह गौड़, सरदार हरदीप सिंह रवि, कोषाध्यक्ष सरदार सतवेन्दर सिंह गुजराल को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने कहा कि वाहेगुरु की कृपा से उनके द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान राजा का ताजपुर गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा प्रारंभ से वर्तमान तक किये गये रचनात्मक एवं जन कल्याणकारी कार्यों तथा अथक प्रयासों और निष्ठा का प्रतीक है, जो अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा।

# सेंट मेरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए फादर शाजू व मुख्य अतिथि एडीजे निजेन्द्र कुमार।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे

## सपनों का सफ़र 2025

**बिजनौर (चिंगारी)।** सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में वार्षिक समारोह सपनों का सफर 2025 अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक फ़ादर शाजू, प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी, के.जी. इंचार्ज सिस्टर जिल्सी, सिस्टर एंजेल के साथ मुख्य अतिथि श्री निजेंद्र कुमार (ए.डी.जे., सेशन कोर्ट, बिजनौर) तथा अध्यक्ष रेव. फ़ादर जोमी जोस कोटद्वार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यालय के कर्मठ कर्मचारी मंगू सिंह, जिन्होंने 25 वर्षों तक अपनी सेवा दी थी, उनके स्वर्गवास होने पर दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत 'दिव्य स्पर्श' प्रार्थना नृत्य ने वातावरण को आध्यात्मिक स्पर्श दिया। स्वागत भाषण और मनोहारी स्वागत नृत्य ने उपस्थित अविभावकों का हृदय जीत लिया। विद्यालय प्रबंधक फ़ादर शाजू ने उद्घाटन संदेश में कहा कि बच्चों के सपनों को दिशा देना ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। इसके पश्चात 'साहस से भरे सपने' थीम डांस और विद्यालय की उपलब्धियों से सजी वार्षिक रिपोर्ट ने सभी को प्रभावित किया।


प्रस्तुति देते हुए स्कूल की एक छात्रा।

मुख्य अतिथि निजेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में विद्यालय की समृद्ध संस्कृति, अनुशासन और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु प्रबंधन के सतत प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष रेव. फ़ादर जोमी जोस ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सेंट मैरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास और प्रतिभा के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं, वह विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रमाण है।

मीडिया प्रभारी आदित्य खन्ना ने बताया सारा नसीम ने शानदार एंकरिंग की और मोहम्मद कबीर ने लुंगी डांस किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें वेस्टर्न डांस, कॉमेडी-ए-समां, इंग्लिश स्क्रिप्ट, डॉल्स ऑन स्टेज, मंत्रास ऑफ सक्सेस और फ्यूज़न फ्लेम्स प्रमुख रहीं। समारोह के अंत में रंगारंग बॉलीवुड डांस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संपूर्ण समारोह विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, बच्चों की रचनात्मकता तथा सपनों को पंख देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

# डिजिटल लाइब्रेरी की भूमिका पर आरबीडी कालेज में कार्यशाला का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति के द्वारा भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली के रूपांतरण में राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी क्लब की सदस्य एवं गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डा. मीनू सिरोही, प्राचार्या प्रोफ़ेसर पारुल त्यागी, समन्वयक डा. नीरू चौधरी, लाइब्रेरियन सरफराज, सदस्य ज्योति कर्णवाल, डा. आबिदा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम डा. नीरू के द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी के विषय में संक्षिप्त विवरण दिया गया। इसके पश्चात प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने कार्यशाला को छात्राओं के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग एवं इसके माध्यम से ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डा. सिरोही ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन संसाधन है, जो भारत के शैक्षिक समुदाय को डिजिटल संसाधनों का एक विशाल संग्रह प्रदान करता है।



# कृष्णा कॉलेज के तीन छात्रों का वॉलीबॉल टीम में चयन



**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिजनौर में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतरमहाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के 9 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया था। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबाल टीम का गठन किया गया, जिसमें कृष्णा कॉलेज बिजनौर के छात्रों का चयन हुआ है। आरएसएम कॉलेज धामपुर से पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र सिंह चौधरी व वर्धमान कॉलेज बिजनौर से विशेषज्ञ डॉ. जयदीप शर्मा द्वारा सभी टीमों में से श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चयनित किया गया। कृष्णा कॉलेज बिजनौर से छात्र मयंक चौहान का प्रमुख टीम एवं बीएएलएलबी के छात्र प्रिंस चौधरी एवं हनी का अतिरिक्त खिलाड़ियों में चयन किया गया। कृष्णा कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा एवं कॉलेज की क्रीड़ा समिति ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# स्टैण्ड तक नहीं पहुंच पा रहीं बसें

## यात्रियों को परेशानी, रोडवेज को हानि



**बिजनौर (चिंगारी)।** रोडवेज बस अड्डे पर निर्माणाधीन सड़क कार्य ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले छह दिनों से रोडवेज डिपो के दोनों निकासी गेट बंद होने के कारण बसों का प्रवेश और निकास पूरी तरह बाधित है। स्थिति यह है कि रोडवेज की सभी आने-जाने वाली बसों को सुभाषचंद्र बोस तिराहे पर मजार के पास रोकना पड़ रहा है।

नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण कार्य के कारण रोडवेज डिपो के दक्षिण दिशा वाले दोनों निकासी गेट पिछले छह दिनों से बंद हैं। गेट बंद होने के चलते गैर जनपदों से आने-जाने वाली बसें रोडवेज परिसर में प्रवेश ही नहीं कर पा रहीं, जिससे यात्रियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बसों के मुख्य डिपो तक न पहुंच पाने का असर रोडवेज की आय पर भी पड़ा है। यात्रियों की संख्या घटने और टिकट बिक्री में कमी आने से राजस्व प्रभावित हो रहा है। बसों की एंट्री और टिकटिंग व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रोडवेज कर्मियों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण पूरा नहीं होगा, तब तक सामान्य संचालन संभव नहीं है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि नगर पालिका ने सड़क निर्माण के लिए तीन दिन का समय बताया था। लेकिन छह दिन बीतने के बाद भी सड़क को नहीं खोला गया है। जाम व अन्य असुविधा से बचने के लिए सुभाषचंद चौक पर अस्थाई रूप से बसों को रोका जा रहा है। दैनिक यात्रियों की सुविधा की पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### उठाना पड़ रहा अतिरिक्त खर्च

**यात्री मौ. फुरकान एड., मौ. सलीम एड. व विभोर गोयल ने बताया कि अस्थायी अड्डा रोडवेज डिपो से दूर है। ऐसे में यात्रियों को बस से उतरने के बाद ई-रिक्शा से रोडवेज तक पहुंचने में अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि अचानक बदले गए स्टॉप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है।**

# मंडलीय प्रदर्शनी में हृदयानंद इंटर कालेज के मॉडल को मिला प्रथम स्थान



**झालू (चिंगारी)।** वैज्ञानिक चेतना जगाने वाली 53वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का आयोजन 1 से 3 दिसंबर तक चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में हुआ। प्रदर्शनी में मंडल के छात्र-छात्राओं ने अपने अत्याधुनिक और मौलिक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिन्होंने भविष्य की झलक पेश की। प्रदर्शनी में हृदयानन्द सार्वजनिक इंटर कॉलेज, झालू के छात्रों ने अपने अद्वितीय वैज्ञानिक मॉडल के बल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान शिक्षक अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में छात्र अनुज कुमार, पुष्पेन्द्र सैनी और युवराज सिंह ने मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह जीत हमारे शिक्षकों की अथक परिश्रम और छात्रों की प्रखर लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मैं आशा करता हूं कि ये छात्र भविष्य में भी विज्ञान के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे'।


DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


# सर्दी ने सितम ढाया, न्यूनतम पारा 4 डिग्री तक आया

**बिजनौर (चिंगारी)।** सर्दी का सितम शुरू हो गया है। रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई कमी से सुबह और शाम ठिठुरन महसूस की जा रही है।

मौसम में आए बदलाव का असर लोगों की दिनचर्या पर साफ दिख रहा है। सुबह घर से निकलने वाले कर्मचारी और स्कूल जाने वाले बच्चों को ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में भी सर्दी से बचाव वाले सामान गर्म कपड़े, ग्लब्स, टोपी और हीटर की मांग बढ़ गई है। ठंडी हवाओं ने लोगों को बिना गर्म कपड़ों के बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। इसके चलते शीतलहर जैसी स्थिति बनी रही। नगीना स्थित कृषि वेधशाला के प्रेषक सतीश कुमार ने बताया कि अगले कुछ दिनों में रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। विभाग ने लोगों को सुबह और रात में ठंड से बचने के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


# हर्षित वर्मा का भारतीय तट रक्षक बल में सहायक कमांडेंट पद पर चयन

## ऑल इंडिया में दूसरी रैंक पायी

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी मा. महेंद्र कुमार वर्मा के पोते एवं अखिल वर्मा व श्रीमती बबीता वर्मा के होनहार पुत्र हर्षित वर्मा ने भारतीय तटरक्षक बल की सहायक कमांडेंट 2025 की हाल ही में जारी मेरिट सूची में ऑल इंडिया रैंक 2 प्राप्त कर एक उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया। यह सफलता उनके परिवार के साथ-साथ उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है जो राष्ट्रसेवा का सपना देखते हैं। सहायक कमांडेंट बनने की प्रक्रिया में हर्षित ने सबसे पहले CGCAT (Coast Guard Common Admission Test) उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने कठोर 5-दिवसीय SSB इंटरव्यू प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार किया, जिसमें उनकी बुद्धिमत्ता, नेतृत्व क्षमता, त्वरित निर्णय-शक्ति और व्यक्तित्व की गहन परीक्षा ली गई।



इंटरव्यू के बाद हर्षित ने मेडिकल परीक्षा भी उत्कृष्ट रूप से क्लियर की, जिससे उनका चयन सुनिश्चित हुआ। इससे पहले भी हर्षित कई प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाएं कई बार सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चुके हैं, जो उनकी मेहनत, अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है। उन्होंने अब तक 9 बार SSB दिया है, और अंतत: अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर सुधार की भावना के दम पर वे रिकमेंड होकर आगे बढ़े। अब हर्षित वर्मा इंडियन नेवल अकादमी में प्रशिक्षण के लिए तैयार हैं, जहां से वे भारतीय तटरक्षक बल में सहायक कमांडेंट के रूप में देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उनकी यह सफलता साबित करती है कि मजबूत नीयत, सतत परिश्रम और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं रहता। वर्तमान में हर्षित वर्मा अपने माता-पिता के साथ देहरादून में रहते हैं।

# आयोग के सदस्य ने किया गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण

**बिजनौर (चिंगारी)।** गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने जनपद बिजनौर में संचालित गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। सदस्य द्वारा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र फरजपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बिजनौर, डा. सामंत मनोहर सिंह, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी नजीबाबाद, खण्ड विकास अधिकारी नजीबाबाद एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। सदस्य द्वारा गौ आश्रय स्थल के संचालन/प्रबन्धन की समीक्षा की गयी। गौ आश्रय स्थल पर बायो गैस प्लांट स्थापित है। गौ आश्रय स्थल पर स्थापित गो काष्ठ मशीन को संचालित किये जाने, गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से किये जाने के निर्देश दिए गए। गौ आश्रय स्थल पशुचर भूमि पर हरे चारे की बुआई किये जाने के निर्देश दिये गये। गौ आश्रय स्थल पर छोटे गौवंशों के लिए अलग व्यवस्था है। इसी



प्रकार नर एवं मादा गौवंशों के लिए अलग-अलग व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात मा. सदस्य द्वारा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र अगवानपुर का निरीक्षण किया गया। गौ आश्रय स्थल पर गौवंशों को ठंड के बचाव हेतु प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। गौ आश्रय स्थल पर गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से किये जाने एवं साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक रखे जाने के निर्देश दिये गये।

# संविधान बचाने व बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान

## जनपद में उत्साह के साथ मनाया गया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस


विकास भवन में आयोजित शिविर में रक्तदान करते हुए महिला।


विकास भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. योगेन्द्र।


बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

बिजनौर(चिंगारी)। ज़िले भर में भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब में आस्था रखने वालों ने संविधान बचाने व बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

भारतीय बौद्ध महा सभा बिजनौर व बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा.भीम राव अम्बेडकर महा सभा ने ज़िला मुख्यालय पर बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया। सुबह सवेरे बौद्ध विहार से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकली जो डा.अम्बेडकर विकास भवन पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम मे शामिल लोगों ने वहां डा.अम्बेडकर की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डा.अम्बेडकर पार्क में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डा.अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन दलितों,पिछडों, शोषितो और अल्पसंख्यकों के उत्थान में लगा दिया। वक्ताओं ने कहा कि डा.अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से दबे कुचले लोगों को सिर उठा कर चलने का अधिकार दिया। वक्ताओं ने कहा कि हमें संविधान की रक्षा करते हुए डा.अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। सभा को डा.योगेंद्र सिंह,तिलक राज,राकेश कुमार एड.इंजी.मणिकांत, गुरदयाल सूंघ बौद्ध आदि ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर अम्बेडकर पार्क में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें करीब 25 युवकों ने रक्तदान किया।

राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार यादव के संचालन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल एवं समस्त स्टाफ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य के बिशन लाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा के महत्व को समझाया। हमें उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। उप प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर के अथक संघर्षों की बदौलत भारत को एक विशालतम संविधान मिला, जिससे हर समाज को देश में अपनी हिस्सेदारी तय करने का अवसर मिला। जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स ने कहा कि बाबा साहब विश्व में शिक्षा में सबसे अधिक डिग्री प्राप्त करने वाले महान व्यक्ति थे। डीओसी चंद्रहास सिंह ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए संविधान की बदौलत आज देश में समता, समानता, बंधुता एवं भाईचारे का भाव कायम है। इस अवसर पर एसपी गंगवार, बालेश कुमार, नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, प्रधान लिपिक के राजेंद्र कुमार, अनुराग भारद्वाज, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत, अलका रानी, कुमुद गुप्ता, वाजिद हुसैन, जयप्रकाश पटेल आदि ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कार्यालय में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने डॉ. अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों, शोषितों व अल्पसंख्यकों के सम्मान के लिये हमेशा लड़ाई लड़ी है। ये उनके संघर्ष का ही परिणाम है कि आज दलित, शोषित, पिछड़े व अल्पसंख्यक सिर उठाकर जी रहे हैं। हैनरीता राजीव सिंह ने डॉ. अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए ये भी कहा कि हमें संविधान बचाने के लिये लगातार संघर्ष करते रहना होगा। सभा को हुमायूं बेग, श्रीमती ओमवती, नजाकत अल्वी, अहसन जमील, हाजी नसीम अहमद, अब्दुल समद आजाद, रामपाल सिंह, गुलशन कुमार, नवेद खां, हरिराज सिंह, काजी आसिफ व अनिल त्यागी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में जिले में काम के बोझ से हुई दो बीएलओ की मौत पर दुख व्यक्त किया गया। ज्ञापन में मृतक बीएलओ के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## डॉ. अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया

**नगीना देहात (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव टांडा माइदास में डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शांति, श्रद्धा और सामाजिक समर्पण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव वासियो व जनप्रतिनिधियों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक न्याय, समता और बंधुत्व का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम बताया और युवाओं से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा तथा सामाजिक एकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने संविधान के मूल्यों की रक्षा और समाज में समान अवसर सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में शांतिपाठ कर राष्ट्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण किया गया। इस मौके पर संत रविदास समिति प्रबंधक सुम्मेर सिंह (उर्फ राणा जी), समिति अध्यक्ष अमरपाल, कोष अध्यक्ष अमित पहलवान, समिति उपाध्यक्ष शेर सिंह,अरविंद गौतम, अनूप जाटव, राजीव गौतम, राजा कुमार, विमल गौतम, जेनित कुमार, सोनू कुमार, विमल कुमार आदि लोगों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित की



## बाबा साहेब के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि- ओमकुमार



**नहटौर (चिंगारी)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विधायक कैंप कार्यालय नहटौर में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक ओमकुमार ने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओमकुमार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा माताओं-बहनों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार, आदर्श एवं संविधान-निर्माण में उनका अद्वितीय योगदान हमें सदैव लोकतंत्र, समानता एवं सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, हल्दौर पीयूष चौहान, आकू राकेश सैनी, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा भाजपा विनीता शर्मा, अंकज, डॉ उर्मिला पाल, कपिल शर्मा, शिवम् त्यागी,कपिल प्रधान, नरेश प्रधान, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहें।

## मंगलयमय हो मिलन तुम्हारा.. आरूषि संग वैभव

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक दम्पति डॉ. विजय कुमार राणा एवं श्रीमती डॉ. प्रतिभा राणा (श्री राम अस्पताल) की सुपुत्री आयु. आरूषि का शुभ विवाह श्रीमती अनुराधा मलिक एवं श्री देवेन्द्र सिंह मलिक के सुपुत्र चि. वैभव के साथ विगत रात्रि पूरी भव्यता के साथ गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिसमें राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारी प्रतिनिधियों एवं चिकित्सकों सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति नवदम्पति को आशीर्वाद देने पहुंचे। राणा परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माला, पटका व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. विजय कुमार राणा, डॉ. प्रतिभा राणा, विनय राणा एड., राजकली (पत्नी स्व. श्रीराम चरण सिंह), इंजी. राजीव अभिषेक राणा एड. वंदना, पाखी, इंजी. आदित्य, अवन्तिका, हर्षिता, अधिराज, युवराज, अर्जुन आदि राणा परिवार के सदस्यों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## डॉ. साक्षी संग अश्वल

**बिजनौर (चिंगारी)।** शांति विहार कॉलोनी रिंग रोड बिजनौर निवासी श्री ब्रजवीर सिंह एवं श्रीमती सुषमा सिंह की सुपुत्री आयु. साक्षी पवार का पाणिग्रहण संस्कार गांधी कॉलोनी मुजफ्फरनगर निवासी श्रीमती नीतू मलिक एवं श्री विनोद मलिक के सुपुत्र चि. अश्वल मलिक के साथ गत रात्रि एक भव्य समारोह में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सर्वश्री ब्रजवीर सिंह, ओमवीर सिंह, उमा सिंह, अजय नीटू, श्वेता, अनुज, नेहा, अनिरुद्ध पवार, शिवांश पवार, श्रद्धा पवार, अनुष्का पवार आदि परिजनों ने अतिथियों का आत्मीयता के साथ स्वागत किया।

**चिंगारी परिवार नवयुगलों के सुखमय जीवन की कामना करता है।**

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लेंगी कंपोजिट स्कूल नारायणवाला की दो छात्राएं

## पीएम श्री क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में होगा आयोजन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल नारायणवाला की दो छात्राएं 16 से 19 दिसंबर तक वाराणसी में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु चयनित हुई हैं। इन छात्राओं ने जिला एवं मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला स्थित कंपोजिट स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान के मार्गदर्शन में इस स्कूल के विद्यार्थी सफलता प्राप्त करते आए हैं। इसी क्रम में गत 15 नवंबर को बिजनौर में आयोजित जिला स्तरीय 54वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में इस स्कूल की चार छात्राओं कु. नैना ने चिरस्थायी कृषि में, कु. मनीषा ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य स्थाई में, कु. नंदिनी ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य क्रियाकारी में एवं कु. संध्या ने कचरा प्रबंधन


शिक्षकों के साथ उपस्थित होनहार छात्राएं।

स्थाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक मंडल स्तर पर आयोजित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कु. मनीषा व कु. नंदिनी ने तृतीय स्थान एवं कु. संध्या व कु. नैना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर घर-परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया, जिसमें कु. संध्या व कु. नैना ने प्रदेश स्तर पर भागीदारी हेतु चयनित होने का सौभाग्य प्राप्त किया है। राज्य स्तरीय यह बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी इस बार वाराणसी स्थित पीएम श्री क्वींस इंटर कॉलेज में 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित होगी।

# बाबा साहेब का पुण्य स्मरण किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



आज दोपहर दिल्ली रोड स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर सुरेन्द्र कुमार नेताजी की अध्यक्षता एवं गजेन्द्र कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, युवा रालोद नेता हनी तोमर, सुरेन्द्र खन्ना, पवन कुमार, कमर ठेकेदार, यतीश कुमार, राहुल खन्ना, बिराज सिंह, अनुज गौतम, मा. नरेश कुमार, महेन्द्र कुमार, मोहित फलौरिया, कृष्णवीर शर्मा फौजी आदि बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया।

# पुष्प निकेतन में खेल दिवस मनाया

## नन्हे-मुन्नों ने अपना जलवा दिखाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल परिसर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में प्री-प्राइमरी वर्ग का खेल दिवस उत्साह, हर्षोल्लास और मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इस वर्ष स्पोर्ट्स डे की थीम टाइनी चैंपियंस निर्धारित की गई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे प्रतिभागियों के पोम-पोम डांस से हुई। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं की खेल प्रतियोगिताएं नर्सरी के बच्चों की टनल रेस व होला हूप चैलेंज एलकेजी ऑप्टिकल रेस व ह्यूमन चेन यूकेजी की चेयर रेस व रैबिट रेस में बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया।

बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी टग ऑफ वॉर और पेयर रेस



कार्यक्रम को संपन्न कराने में विभोर भारद्वाज, राजेश यादव, सुमित शर्मा, गौरव तनेजा, जयप्रकाश मिश्रा, पारुल निबोरिया, रितेश बाला, चितरंजन, पुष्पेंद्र चौहान, विशाल, पवन संगम तथा प्री-प्राइमरी की सभी अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# वन रेंजर ने किसान को परेशान किया भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )। भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने वन रेंजर द्वारा जलीलपुर निवासी किसान शमशेर सिंह को परेशान किए जाने के विरोध में वन क्षेत्र कार्यालय पर धरना दिया।**

आज सुबह भाकियू टिकैत कार्यकर्ता नगर के संदवार रोड स्थित वन क्षेत्र कार्यालय पर पहुंचे तथा धरना देकर बैठ गये। धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना था कि वन रेंजर द्वारा पिछले एक वर्ष से जलीलपुर निवासी किसान शमशेर सिंह को परेशान किया जा रहा है,जिसे अब किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठने वालों में भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव चौ. कुलदीप सिंह, तहसील अध्यक्ष हरिराज सिंह, प्रताप सिंह, मौ. याकूब, जसवंत सिंह नामधारी, रोहिताश सिंह प्रधान, सुभाष कुमार, मीडिया प्रभारी मौ. हनीफ, फरमान खान, सत्तार अहमद, परवेज आलम, दिलशाद अहमद, नफीस अहमद, युवा ब्लॉक अध्यक्ष जसवेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। समाचार दिये जाने तक धरना जारी था।

# देवेन्द्र प्रकाश बंसल के निधन पर शोक जताया

**चांदपुर ( चिंगारी )। चांदपुर मेडिकल एसोसिएशन की शोकसभा में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. हरिओम बंसल के बड़े भाई देवेन्द्र प्रकाश बंसल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। यहां धनौरा रोड स्थित रेलवे फाटक के नजदीक एमडी हास्पिटल में हुई शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में डा. एसके गर्ग, डा. एमपी सिंह, डा. मंजूर हसनैन, डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, डा. सुशील कुमार शर्मा, डा. अरविन्द भारद्वाज, डा. मौ आदिल, डा. विश्वजीत शर्मा, डा. इरशाद अली, डा. परमजीत सिंह, डा. नसीम अहमद अंसारी, डा. जगवीर सिंह, डा. अब्दुल रशीद सैफी, डा. दिनेश गुप्ता, डा. मौ. तैय्यब, डा. अनवर खुर्शीद, मौ. यूनुस आदि मौजूद रहे।**

# गुरु तेग बहादुर की शहीदी पर निकला भव्य नगर कीर्तन

**नहटौर ( चिंगारी )।** गांव मेहर अलीपुर बाकर नगर में गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वीं शहीदी को समर्पित महान कीर्तन समागम एवं नगर कीर्तन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में रागी बीबी जसप्रीत कौर पटियाला वाली, संत बाबा जगजीत सिंह बालियान वाले ने गुरु वाणी के माध्यम से सिख संगत को निहाल किया।

गुरु सभा के तत्वावधान में 24 नवंबर से प्रतिदिन अखंड पाठ व प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को अखंड पाठ का समापन हुआ। गुरुवार की रात को रात्रि रैन सबाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रागी संत बाबा जगसीर सिंह बलिया वाले, बीबी जसप्रीत कौर ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान पर विस्तार से गुरु वाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया।

गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख संगत ने भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विभिन्न सेवादारों को सरोपे, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा परिसर से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ। नगर कीर्तन में बैंड धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। नगर कीर्तन में गुरुओं के होर्डिंग अखाड़ा पंचप्यारे गुरु ग्रंथ साहिब की अगवाई करते चल रहे थे। गांव की सड़कों पर महिलाएं सफाई करती चल रही थीं। नगर कीर्तन में 800 मी. की पगड़ी बांधे बलवंत सिह आकर्षकण का केन्द्र रहे। नगर कीर्तन का विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। गुरु ग्रंथ साहिब का वाहन फूलों से सजाया हुआ था। जिसकी अगवाई पंच प्यारे करते चल रहे थे। गुरु सभा के प्रधान त्रिवेद सिंह, जोजी सिंह टांक, सरदार मिथुन सिंह, डॉक्टर कुलदीप सिंह, ओमकार सिंह, जुझार सिंह, अमरजीत सिंह, जैकी सिंह, कपाल सिंह, मोहित सिंह, सतवीर सिंह, रिंकू सिंह आदि सिख संगत के लोग नगर कीर्तन में शामिल थे। इस अवसर पर गांव सिजौली,नकीबपुर खजूरी, बैरमपुर खजूरी, फलोदी, हल्दौर, नूरपुर, नहटौर के सिख समुदाय के महिला- पुरुषों ने नगर कीर्तन में भाग लिया।

# दुआ फाउंडेशन ने ग़रीब हिंदू-मुस्लिम लड़कियों की सामूहिक शादियां कराई

## वसीम कुरैशी ने सभी को दिया दहेज का सामान

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के प्रमुख समाजसेवी वसीम कुरैशी की सामाजिक संस्था दुआ फाउंडेशन रजि0 के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के कोटद्वार मार्ग स्थित अग्रवाल फार्म पर बीती रात इजतमाई शादी (सामूहिक विवाह) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुआ फाउंडेशन के प्रिंसीडेंट अब्दुल्ला गुलजार व वाइस प्रिंसीडेंट हाजी शमीम अहमद की देखरेख में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेहमानों ने पहुंचकर दूल्हा-दुल्हनों को अपनी दुआओं से नवाजा। वसीम कुरैशी ने एक साल पूर्व जब दुआ फाउंडेशन की स्थापना की थी तो उन्होंने गरीब लड़कियों की सामूहिक शादियां कराने की घोषणा की थी। वसीम कुरैशी ने अपनी इस घोषणा को पूरा करते हुए बीती रात 60 से अधिक गरीब परिवारों की हिंदू-मुस्लिम लड़कियों की फाउंडेशन के माध्यम से सामूहिक शादियां मुस्लिमों की निकाह कराकर व हिंदू परिवारों की लड़कियों की हिंदू रीत रिवाज से वर माला कराकर कराने का नेक काम किया है। सामूहिक शादियों में वसीम कुरैशी ने अपनी संस्था के माध्यम से सभी लड़कियों को बराबर दहेज जिसमें एक डबल बेड, एक सोफा सेट, एक सेफ अलमारी, तीन संदूक, गैस चूल्हा, मेज, वाटर कूलर के साथ काफी बर्तन व अन्य सामान देने का काम किया है। साथ ही लड़की व लड़का पक्ष की तरफ से शादी में आए मेहमानों भोजन कराने के साथ पूरा आदर सत्कार किया गया। विवाह स्थल को बेहतरीन ढंग से लाईटिंग कराकर सजाया गया। दुआ फाउंडेशन के प्रिंसीडेंट अब्दुल्ला गुलजार ने कहा कि फाउंडेशन गरीब व बेसहारा लोगों का सहारा बनते हुए आगे भी गरीबों की इसी तरह से सेवा का काम जारी रखेगी। वसीम कुरैशी के बड़े भाई हाजी शमीम ने बताया कि उनका व उनके भाई वसीम का गरीब बेटियों की शादी कराने का एक सपना था जो आज पूरा हुआ है। इस मौके पर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, समाजसेवी हाजी नौशाद अख्तर सैफी, हाजी इनाम, हाजी यूसुफ, हाजी युनूस, हाजी शमीम, अनीस अहमद, मास्टर असलम, अब्दुल सत्तार, सलमान कासमी, तसनीम सिद्दीकी, आयशा सिद्दीकी, मौ. अकरम, डॉ. मुकीम, इमरान कुरैशी, हाजी जब्बार, युसूफ पहलवान, लवी अग्रवाल, गुलजार कुरैशी, सुरेंद्र कुमार, हाजी नसीम, इकराम कुरैशी, मौ. सलमान कासमी, सलीम कुरैशी, महफूज, इरफान कुरैशी, इरफान कुरैशी, राजेश मिश्रा, मौ. शान, महफूज आदि मौजूद रहे।


दूल्हा दुल्हनों को आशीर्वाद व दुआओं से नवाजे अतिथिगण।

## सामूहिक विवाह को हिंदू-मुस्लिम एकता की बड़ी मिसाल बताया

नजीबाबाद। नगर के समाजसेवी वसीम कुरैशी द्वारा एक तरफ निकाह व दूसरी तरफ वर माला से पूरे देश में मशहूर नजीबाबाद की गंगा-जुमनी तहजीब के लिए एक बार फिर अच्छा संदेश गया है। साथ ही देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच नफ़रत फैलाने वालों के लिए यह करारा जवाब है। वसीम कुरैशी के इस कार्य की लोगों ने सराहना करते हुए इसे नजीबाबाद की हिंदू-मुस्लिम एकता की एक बड़ी मिसाल बताया है।


मीटिंग में विचार रखते आसपा के वरिष्ठ नेता जगमीत चहल।

## जिला पंचायत चुनाव लड़ेंगे जगमीत

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता जगमीत चहल द्वारा क्षेत्र के ग्राम लुकादड़ी में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें आजाद समाज पार्टी के काफी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहनपुर के चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी रहे। मीटिंग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से आने वाले चुनाव के लिए आजाद समाज पार्टी को वोट करने तथा पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की गई। मीटिंग में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आजाद समाज पार्टी से जोड़ने का काम किया गया। साथ ही लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया गया। मीटिंग में आसपा नेता जगमीत चहल ने भी आगामी जिला पंचायत लड़ने की घोषणा की। ग्रामीणों ने उन्हें पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया। मीटिंग में ग्राम प्रधान गफ्फार, खुशमीन राजा, नईम अहमद, वसीम, अबरार, मौ. अजगर, नसीम, सुहैल, सौरभ, सचिन कुमार, रिजवान, नबील अहमद, आसपा विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, सुखबीर प्रधान, शाहबुद्दीन, सरदार बल्देव सिंह, सरदार जसपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, मोहन सिंह, परमजीत सिंह, जगदीप सिंह, मुनेश आदि मौजूद रहे।

## पंचायत में किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित की गई। पंचायत में विभिन्न किसानों के अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं व मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ममता को दिया गया। पंचायत में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंचायत में अपनी-अपनी बात रखते हुए किसानों के हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर समाधान कराने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले में किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है। कभी प्रशासनिक अधिकारी कभी बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तो कभी शुगर मिल प्रबंधन द्वारा किसानों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।



वहीं दूसरी तरफ जंगली जानवरों से किसानों को अपने जान माल की हानि का खतरा बना रहता है। किसानों के गन्ना मूल्य में वृद्धि से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन गन्ना मूल्य वृद्धि के बाद शुगर मिलों के क्रय केंद्रों ने गन्ने के भाड़े पर रेट बढ़ा दिए, गन्ना छिलाई करने वालों ने रेट बढ़ा दिये। दवाई खाद व पानी तो पहले ही आसमान छू रहे हैं। ऐसे मे किसानों का भला कैसे सम्भव होगा। जिलाध्यक्ष ने किसानों से अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आव्हान किया। पंचायत में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली, डॉ. अरूण कुमार, हेमेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, अजयपाल सिंह, सरदार जरनैल सिंह, सरदार गुरपेज सिंह, मूला सिंह, नीटू राणा, नरेश, नौबहार सिंह, जयप्रकाश सिंह, नरेश मास्टर, नरेश कुमार, मुब्बिशर बेग, जय सिंह, प्रीतम सिंह, अकरम अली, मूला सिंह, शहजाद अली, सत्यपाल सिंह, जाहिद मलिक, हाजी यामीन सिद्दीकी, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली आदि मौजूद रहे।

## पहला सेमीफाइनल मुरादाबाद व सहारनपुर के बीच खेला गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के स्टैब्स ग्राउंड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुरादाबाद व सहारनपुर के बीच हुआ। सहारनपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले इनिंग में मुरादाबाद ने बल्लेबाजी करते हुए 217 रन का लक्ष्य रखा। मुरादाबाद की तरफ से 38 गेंद में 79 रन की पारी दानिश मिर्जा व दूसरे बल्लेबाज आकिब अंसारी ने 27 गेंदों में 47 रन बनाये। सहारनपुर की गेंदबाजी में सौरव ने 37 रन देकर 2 विकेट लिए तथा शहंशाह ने एक विकेट लिया। दूसरी इनिंग में सहारनपुर ने बल्लेबाजी करते हुए 208 रन पर ऑल आउट हो गई। सहारनपुर की तरफ से मोहम्मद माज ने 46 गेंदों में 90 रन बनाए। दूसरा बल्लेबाज लवलीत ने 18 गेंद में 38 रन बनाए। मुरादाबाद की तरफ से गेंदबाजी शोएब ने 43 रन देकर तीन विकेट लिए। अरशो बाजवा ने 33 रन देकर दो विकेट लिये। सहारनपुर 9 रन से मैच हारी। मुरादाबाद ने जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच अभय चौधरी रहे। मुरादाबाद की तरफ से टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी के कोच बदरुद्दीन को जमील अंसारी व एनसीसी के अध्यक्ष ताबिश मिर्जा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अंपायर निश्चल सिंह व नाजिम खान रहे। अध्यक्ष ताबिश मिर्जा, राजीव ग्रोवर, संजीव राजपूत, फैसल तैयब, नवाब अंसारी, इमरान सिद्दीकी, सलमान सिद्दीकी आदि कमेटी के लोग मौजूद रहे।


खिलाड़ी का परिचय प्राप्त करते जमील अंसारी।

## पूर्व में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों व दो परिवारों की मदद की थी

नजीबाबाद। समाजसेवी वसीम कुरैशी ने एक साल पूर्व अपने परिवार में बेटी का जन्म होने पर उसका नाम दुआ रखते हुए उसी के नाम पर दुआ फाउंडेशन का गठन कर इसके माध्यम से गरीबों की मदद की घोषणा की थी। पूर्व में वसीम कुरैशी की इस संस्था ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की लाखों रूपए की नकद धनराशि व खाने-पीने का सामान भेजकर मदद करने का काम किया था। साथ ही नजीबाबाद क्षेत्र के विदेश में मरे दो युवकों के परिवारों को ढाई-ढाई लाख रूपए की आर्थिक मदद भी दी थी। वसीम कुरैशी के इन नेक कार्यों की लोगों ने प्रशंसा की है।

# होमगार्ड ने ड्यूटी के दौरान विषैला पदार्थ खाकर दी जान

**चांदपुर ( चिंगारी )। ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड द्वारा विषैला पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पुलिस व होमगार्ड अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जानकारी ली। होमगार्ड की मौत से उनके घर में कोहराम मच गया। होमगार्ड ने अपने पुत्र की शादी इसी 1 दिसम्बर को की थी, उसकी मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया।**

क्षेत्र के ग्राम बमनौला निवासी निपेन्द्र शर्मा (52 वर्ष) होमगार्ड थे। शुक्रवार को उनकी ड्यूटी अम्बेडकर चौक पर थी। इसी दौरान उन्होंने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया तथा बाद में उन्हें नूरपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान शाम 4 बजे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व होमगार्ड अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मृतक के परिजनों से जानकारी ली। होमगार्ड निपेन्द्र शर्मा ने विषैले पदार्थ का सेवन कर आत्म हत्या क्यों की, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है।



निपेन्द्र शर्मा का फाइल फोटो

# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र के जंगलों में गुलदार की आमद से किसानों व ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। क्षेत्र के गांव बाखराबाद खटाई के जंगल में किसानों ने कई बार गुलदार को देखा, जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग के डिप्टी रेंजर मोती लाल ने बताया कि गांव के पास नागदेवता मंदिर के परिसर में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया था। बीती रात एक गुलदार पिंजरे में फंस गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार को अपने साथ ले गई।





# बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। रविदास धर्मशाला हीमपुर दीपा रतनपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में पंचशील सिद्धांत का अनुसरण किया गया। तत्पश्चात पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रक्षपाल सिंह, सचिन कुमार, डॉ. राहुल कुमार, अक्षय कुमार, रोहित कुमार, रजत कुमार, जयवीर लकी, रवि, बंटी आदि मौजूद रहे।

# आज सुबह घना कोहरा छाया वाहनों की स्पीड पर ब्रेक लगाया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आज सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे पूरा क्षेत्र मानो सफेद धुंध कि मोटी चादर में लिपट गया हो। तड़के उठने वाले लोगों ने बताया कि कोहरे का घनत्व इतना ज्यादा था कि घरों से निकलते ही कुछ मीटर की दूरी पर भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। मौसम में इस सीजन में आए पहली बार इस बदलाव का आम जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिला। सबसे अधिक परेशानी सुबह के समय स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को हुई। कोहरे के बीच बसों और वैनों की गति काफी धीमी पड़ गई, जिससे कई स्कूल वाहन निर्धारित समय से देर से पहुंचे। कई अभिभावक बच्चों को स्वयं लेकर पहुंचे और रास्ते भर सतर्क रहते दिखाई दिए। सड़कों पर भी स्थिति सामान्य दिनों से बिल्कुल अलग रही। कम दृश्यता के चलते वाहन चालकों ने हेडलाइट, पार्किंग लाइट और फॉग लैंप का सहारा लिया। कई चार पहिया वाहन 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलते दिखे ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना से बचा जा सके। दोपहिया वाहन चालक भी पूरी सावधानी बरतते हुए धीमी गति से आगे बढ़ते रहे। कोहरे के कारण राजमार्ग और संपर्क मार्गों पर जहां-तहां वाहन रेंगते हुए नजर आए।



ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# नहटौर विधानसभा क्षेत्र में SIR का काम 90 प्रतिशत पूर्ण : ओमकुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा विधायक ओमकुमार ने नगर पालिका परिषद में विधानसभा स्तरीय बीएलओ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बीएलओ समय से एसआईआर कार्य को पूरा करने में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे। एसआईआर अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसमें कार्य को पूरा करने के लिए अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। जो समय अवधि 11 दिसंबर हो चुकी है। इससे पहले इस कार्य को पूरा करने वाले को बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाश्रय ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, तहसीलदार धनराज सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी ओम गिरि, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कानूनगो ओमवीर सिंह, समस्त बीएलओ, वार्ड सभासद सहित बैठक में भाग लिया।

# छठे दिन भी जारी रहा पंचायत सचिवों का आन्दोलन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्यभार के विरोध में पंचायत सचिवों का आंदोलन लगातार जारी है। ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर पंचायत सचिवों ने 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक बाहों पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य किया। शुक्रवार को कासमपुर गढ़ी स्थित अफजलगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर धरना देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ मनवीर सिंह को सौंपा। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों ने आज भी सरकार के इस निर्णय के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। पंचायत सिक्रेट्रियों का कहना है कि उनसे मूल विभाग के दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराए अन्य विभागों के कार्य कराया जाना एवं अव्यवहारिक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाना उनके साथ सरासर अन्याय है। धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में इरफान अली मंसूरी व नौबहार सिंह सहित कुलदीप कुमार, नरेश कुमार, आशीष कुमार, शैलेंद्र प्रताप, मौ. नाजिम, सहदेव सारथी, कुंती देवी, नवीन कुमार रवि, वीर सिंह व राजीव कुमार आदि पंचायत सचिव उपस्थित रहे।



# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, दिवंगत बीएलओ के घर आये

# राजीव के परिवार के लिये दुख की घड़ी कांग्रेस पार्टी पूरी तरह पीड़ितों के साथ खड़ी





**किरतपुर ( चिंगारी )। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को किरतपुर क्षेत्र के ग्राम भरैकी का दौरा किया। उन्होंने दिवंगत बीएलओ राजवीर सिंह के परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। इस दौरान अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दबाव के कारण प्रदेश में दर्जनों सरकारी कर्मचारी ( बीएलओ ) आत्महत्या जैसा कदम उठा चुके हैं।**

अजय राय ने सर्वप्रथम मृतक राजवीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन धारण किया। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें ढाढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए की धनराशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि एस आई आर (सर्वे ऑफ इलेक्शन रोल) का कार्य पूरा करने के लिए कर्मचारियों को तीन से चार माह का समय दिया जाना चाहिए और इस सरकारी कार्य में लगे कर्मचारियों पर किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार असुरक्षित हाथों में पहुंच गई है। अजय राय ने आरोप लगाया कि धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है और बीएलओ पर गैर-भाजपाई लोगों के वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसे उन्होंने लोकतंत्र की हत्या बताया। अजय राय ने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी 14 तारीख को दिल्ली के रामलीला मैदान में एस आई आर के मुद्दे को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व आई ए एस अधिकारी आर के सिंह, मुबशिशर जमा खां, काग्रेस नगर अध्यक्ष साजिद अली खां, मुदस्सिर जमा खां, मुबशिर जमा खां पूर्व जिला अध्यक्ष शेरबाज़ पठान, बिजनौर नगरध्यक्ष हुमायूं बेग, नज़ाकत अल्वी, मुनीश त्यागी, सरफराज मलिक, मोहित प्रजाति, अब्दुल समद आज़द, अनिल कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुधीर पाराशर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी, जावेद अंसारी, गुलफाम सिद्दीकी सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बच्चों से मिलकर भावुक हुये अजय राय

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजल राय दिवंगत बी एल ओ राजबीर सिंह की दो पुत्रियों 10 वर्ष और 12 वर्ष व पुत्र 8 वर्ष से मिलकर इतने भावुक हो उठे कि उनकी आंखों से आंसू निकल आए। उन्होंने दिवंगत राजवीर के मासूम पुत्र को अपने पास सोफे पर बैठाया और उसे प्यार किया। इस मौके पर आक्रोशित होते हुए अजल राय ने कहा कि यह सरकार मासूमों के लिए सिर से उनका साया, पत्नी के सर से पति का और मां के सर से बेटे का साया तथा भाई के सर से भाई का साया उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से चंदा किया जाएगा और सभी पीड़ित परिवारों की आर्थिक सहायता की जाएगी। पूरी कांग्रेस पार्टी आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पीड़ितों के साथ खड़ी है। जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि यदि आप लोगों को कोई कठिनाई है तो मुझसे जरूर मिल लेना। कहते-कहते वह भी भावुक हो उठी।**

## तीन माह के लिए बढ़ा दी गई वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया : तलहा



**किरतपुर ( चिंगारी )। वक्फ संपत्तियों के मुतवल्लियों को भारत सरकार ने एक बड़ी राहत देते हुए 3 माह का रजिस्ट्रेशन करने के लिए और समय दे दिया है।**

यह जानकारी देते हुए एडवोकेट तलहा मकरानी समाजसेवी ने कहा कि उन्होंने भारत सरकार का इस ध्यान दिलाते हुए 3 दिसंबर 2025 को एक मांग पत्र भेजा था, जिसमें मांग की गई थी कि उम्मीद सेंट्रल पोर्टल रजिस्ट्रेशन 2025 पर वक्फ संपत्तियों को दर्ज करने के लिए वेबसाइट हैंग होने के कारण कई कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा था जिस कारण मुतवल्लियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। एडवोकेट तलहा मकरानी ने इस समस्या का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। सरकार ने उनकी मांग का समर्थन किया और समय सीमा बढ़ा दी है। उन मतवल्लियों के लिए जिन्होंने उम्मीद केंद्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का आवेदन पत्र दर्ज करने के लिए कंप्यूटर में दर्ज कर रखा था परंतु वेबसाइट हैंग होने के कारण वक्फ दस्तावेज रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे थे। भारत सरकार ने वक्फ दस्तावेज उम्मीद केंद्र पोर्टल पर दर्ज करने के लिए 3 माह का और समय दे दिया है। मुतवल्लियों ने तलहा मकरानी समाजसेवी के इस कदम की सराहना की है और उनका आभार व्यक्त किया है। एड- तलहा मकरानी ने यह मांग पुरी होने पर भारत सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की



**किरतपुर ( चिंगारी )।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 69 वे महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मेन मार्केट चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। पंचशील का पाठ मास्टर प्रमोद कुमार तथा बाबू जगराम सिंह ने इस अवसर पर उनके अनुयायियों द्वारा संगठित रहो, शिक्षित बनो, संघर्ष करो, का आह्वान किया गया। इसके अलावा मोहल्ला धर्मशाला अंबेडकर नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर तथा मोहल्ला कोटला में बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर धनीराम सिंह, अखिलेश सभासद,मायाराम, जगराम सिंह,जसराम सिंह, दीपक एडवोकेट, सोनू, जोगिंदर भारती, रामकुमार, मास्टर प्रमोद, सुखबीर दरोगा जी, गौतम सिंह पत्रकार शशिकांत, विकास कुमार, सुमित कुमार, इरशाद अहमद, शकील, कासिम, जुल्फिकार, विनीत, मनीष कुमार हनी आदि मौजूद रहे।

## घर से अचानक लापता हुई विवाहिता का अभी कोई सुराग नहीं, पति ने लिखाई गुमशुदगी



गुमशुदा लवप्रीत कौर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अचानक लापता हुई पत्नी की काफी तलाश के बाद कोई अता-पता नहीं लग पाने से निराश पति ने थक हारकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए पत्नी की तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस ने लापता विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज कर बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम मंकन्दपुर गढ़ी निवासी मंजीत सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पत्नी लवप्रीत कौर बिना बताए घर से चली गई है जिसको काफी तलाश किया गया, मगर उसका कोई अता पता नहीं लग पा रहा है। मंजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र में रेहड़ पुलिस से अपनी पत्नी की अविलंब सकुशल बरामदगी की मांग की है। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि 29 नवंबर को दी गई तहरीर के आधार पर लवप्रीत कौर की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, जिसकी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कार व ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़त में आर्मी जवान की दर्दनाक मौत



मृतक का फाइल फोटो

**स्योहारा ( चिंगारी )।** दोस्त की शादी से वापस आते हुए सड़क हादसे में लांस नायक की मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार देर रात्रि कार में सवार लांस नायक ओम सिंह अपने मित्र अमरोहा निवासी नृपेन्द्र कुटार की शादी में शामिल होने ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक विवाह मंडप में जा रहे थे। उनके मित्र नृपेन्द्र कुटार की शादी स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव अमीनाबाद से हो रही थी। नृपेन्द्र कुटार जेल पुलिस में तैनात है। ओम सिंह (32) पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम मल्लाभाई, थाना ऊझानी (बदायूँ) अपनी कार से अन्य चार मित्रों संग जैसे ही सहसपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही ट्रेक्टर ट्राली से टक्कर हो गयी जिसमें लांस नायक ओम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवान को तुरंत मुरादाबाद के हायर सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम भी मुरादाबाद में ही कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक के पिता वीरपाल सिंह की तहरीर पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक जितेन्द्र पुत्र रामचरण सिंह निवासी ग्राम मेवाजट स्योहारा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# बाबा साहेब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनेगी- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** सीएम योगी ने शनिवार को कहा, बाबा साहेब की मूर्तियों के साथ अक्सर शरारती तत्व छेड़छाड़ करते हैं। हमारी सरकार निर्णय ले रही है कि बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि उनकी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिस मूर्ति के ऊपर छत नहीं होगी, वहां छत बनवाएंगे। यदि कहीं कोई काम छूट गया है, तो उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। आज इस पावन अवसर पर मैं बाबा साहेब की पावन स्मृति को नमन करता हूं। अभी यहां लालजी प्रसाद निर्मलजी ने चतुर्थ श्रेणी संविदा सफाई कर्मियों की समस्या का उल्लेख किया। हमारी सरकार ने इस पर निर्णय ले लिया है। कॉरपोरेशन का गठन किया गया है और अगले एक-दो महीनों में यह सुनिश्चित कर दिया जाएगा कि हर चतुर्थ श्रेणी के कर्मी और संविदा कर्मी को न्यूनतम मानदेय की गारंटी सरकार की ओर से मिले। यह कदम भी सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



हम सबको यह समझना होगा कि जो भी सुविधाएं और सम्मान आज वंचित वर्गों को मिल रहा है, वह बाबा साहब की दी हुई प्रेरणा का ही परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश 'नये भारत' की ओर बढ़ रहा है। पंचतीर्थ का निर्माण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति योजनाएं यह सब बाबा साहेब के समानता और आत्मसम्मान के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि अर्पित किया। हजरतगंज स्थित आंबेडकर महासभा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील के पाठ से हुआ।

## कम नहीं हो रहीं आज़म और अब्दुल्ला की मुश्किलें...

### सजा बढ़वाने के लिए सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन; 23 को फैसला

**रामपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिये हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। दो पैन कार्ड में एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है। उनके अधिवक्ताओं की ओर से सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई है। इसके साथ ही जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिस पर सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात साल की सजा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर अपील दायर की गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा के अनुसार अभियोजन की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें अभियोजन की ओर से निचली अदालत की ओर से दी गई सात साल की सजा को बढ़ाने की मांग की गई।



## बसपा ने रद्द की रैली

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 6 दिसंबर को संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नोएडा में प्रस्तावित रैली को संबोधित नहीं करेंगी। वह अपने आवास पर ही डॉ. आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगी। बसपा सुप्रीमो का कहना है कि ऐसे आयोजनों में उनकी सुरक्षा व्यवस्था की वजह से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को होने वाली असुविधा की वजह से यह फैसला लिया है। बसपा सुप्रीमो ने जारी अपने बयान में कहा कि महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि के मौकों पर बहुजन समाज के संतों, गुरुओं व महापुरुषों स्मारक स्थलों पर भीड़ उमड़ती है। इस दौरान मेरा अनुभव रहा है कि मेरे जाने पर मेरी सुरक्षा प्रबंध के नाम पर जो सरकारी व्यवस्था की जाती है, जो जरूरी भी है, उससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बाबा साहेब पर कार्यक्रम की अनुमति न मिलने से सपा नाराज

**डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में 6 दिसंबर के कार्यक्रम को अनुमति न मिलने पर सपा ने नाराजगी जताई है।**

# नगीना की रूपाली अग्रवाल को अमेरिका में मिला वोमेन ऑफ़ सब्सटांस का अवार्ड

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना की मूल निवासी और सिएटल (अमेरिका) में उत्तर प्रदेश परिवार (UPP) की संस्थापक रूपाली अग्रवाल को ग्लोबल वूमन फ़ेस्टिवल में 'वूमन ऑफ़ सब्सटेंस' अवार्ड से सम्मानित किया गया। रूपाली बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष सीतांशु अग्रवाल की बहन हैं।

नगर के रेलवे फाटक समीप रहने वाले प्रदीप अग्रवाल (टाटा वाले) व किरन अग्रवाल की पुत्री व बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष सीतांशु अग्रवाल की बहन रूपाली अग्रवाल के उत्तर प्रदेश परिवार ने 15 अगस्त परेड के दौरान 'कृष्ण रथ झांकी' प्रस्तुत की, जिसमें उत्तर प्रदेश की मथुरा नगरी की झलक सिएटल में प्रदर्शित की गई। इस झांकी की कांसुलेट जनरल ऑफ़ इंडिया, सिएटल मेयर तथा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। रूपाली ने सिएटल पुलिस के सहयोग से 50 से अधिक बच्चियों को सेल्फ डिफ़ेंस की ट्रेनिंग दिलवाई है। उन्होंने अपनी संस्था के माध्यम से वहां के सरकारी स्कूलों के वंचित बच्चों के लिए दो लाख 21 हज़ार रुपये भोजन हेतु तथा चार लाख 80 हज़ार रुपये पाठ्य सामग्री के लिए योगदान दिया। विशेष रूप से कांसुलेट जनरल ऑफ़ इंडिया स्वयं रूपाली और उत्तर प्रदेश परिवार के साथ जाकर इन बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने पहुंचे, जो उनके कार्य की बड़ी सराहना का प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वृंदावन स्थित मैत्री वृद्धाश्रम में रहने वाली 80 वर्षीय विधवा गायत्री मां के कैंसर ऑपरेशन के लिए दो लाख 40 हज़ार रुपये की धनराशि भी एकत्रित की। उनकी संस्था द्वारा मैत्री वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं के लिए भोजन, कंबल, पानी की बोतलें और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी वितरित की गईं। रूपाली अग्रवाल की सफलता पर गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बड़ा मंदिर श्री बालाजी धाम के गुरु जी डिंपल अग्रवाल, व्यापारी नेता पवन यादव, सौरभ गोयल, बिजेंद्र कुमार, मुकेश राजपूत उर्फ बाबू, मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, दीपक अग्रवाल, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, सार्थक गुप्ता, पंडित सचिन शर्मा आदि ने बधाई दी है।



**अमेरिका में आयोजित ग्लोबल वूमेन फेस्टिवल में नगीना की बेटी रुपाली अग्रवाल को सम्मानित करते अतिथि।**



# आपके अनुसार..

## विपक्ष को ड्रामेबाज बताना जायज

आदरणीय संपादक जी, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने के मौके पर विपक्ष को अप्रत्यक्ष रूप से ड्रामेबाज बताना जायज है। क्योंकि संसद में ड्रामा नहीं होना चाहिए। संसद तो कानून बनाने के लिए होती है और उनका कहना बिल्कुल सही है कि जनप्रतिनिधि जहां से पराजित होकर आए हैं, उसी जनता के बीच जाकर नारेबाजी करनी चाहिए, न कि संसद में। संसद तो नीति और नियम बनाने के लिए होती है।



**-विकुल मलिक, प्रदेश सचिव**
**अंतरराष्ट्रीय जाट संसद**
**उत्तर प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष- उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत संगठन, बिजनौर**

लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नि:संदेह आज की भारतीय राजनीति में सफलतम राजनेता हैं। प्रधानमंत्री का यह कहना कि संसद ड्रामेबाजी, नारेबाजी की जगह नहीं है, बिल्कुल ही उचित है, क्योंकि हमारी संसद देश के समस्त 140 करोड़ नागरिकों के सपनों का घर है, जहां पर हर भारतवासी आशा करता है कि उसकी बेहतरी के नीतियां बनाई जाएंगीं, न की ड्रामेबाज़ी की जाएगी। लगातार मिल रही विफलताओं से सबक लेते हुए, विपक्ष को अपने आपको एकजुट करने, और अपनी नियत को साफ करने की आवश्यकता है, न कि संसद में ड्रामेबाजी करने की।



**-मुजाहिद हुसैन ( सोशल एक्टिविस्ट )**
**नजीबाबाद, बिजनौर।**

## महात्मा गांधी के कातिलों का महिमामंडन होता है- सोनिया



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार और उससे जुड़ी विचारधारा पर बड़ा हमला बोला। सोनिया ने कहा कि जिस सोच ने कभी महात्मा गांधी की हत्या का माहौल बनाया था, वही आज सत्ता प्रतिष्ठानों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विचारधारा के अनुयायी न सिर्फ गांधी के हत्यारों को महिमामंडन करते हैं, बल्कि भारत की मूल भावना, संविधान और संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं। सोनिया गांधी ने आगे कहा कि यह विचारधारा सिर्फ इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसने अतीत में जो नफ़रत पैदा की थी, वह महात्मा गांधी की हत्या तक पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी विचारधारा के अनुयायी आज गांधी के कातिलों का महिमामंडन करते हैं।

# श्री सिद्ध बाबा अनुष्ठान महोत्सव पर निकाली गई सिद्धबाबा की झांकी

## गढ़वाली भजन संध्या का आयोजन आज

कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री सिद्धबली मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पिंडी और हनुमान के महाभिषेक के साथ तीन दिवसीय श्री सिद्धबाबा अनुष्ठान महोत्सव शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाभिषेक में शामिल होकर सिद्धबाबा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर पंडित देवी प्रसाद भट्ट के सान्निध्य में वेदपाठियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन शुरू हुआ। तत्पश्चात मंदिर समिति के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने खोह नदी में गंगा पूजन किया। इसके बाद छोटी-छोटी कन्याएं गढ़वाल के पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल, दमाऊ और मशकबीन की धुन के साथ नदी से जल लेकर मंदिर पहुंची। मंदिर में पिंडी पूजन और हनुमान की मूर्ति का महाभिषेक किया गया। इसके बाद हवन स्थल पर कलश स्थापना के साथ श्री सिद्धबली बाबा का पूजन किया गया। कलश स्थापना के बाद बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने ढोल, दमाऊ, मशकबीन की धुन पर सिद्धबली के झंडे, त्रिशूल और गदा के साथ मंदिर की परिक्रमा की। श्रद्धालुओं ने सिद्धों के डांडा स्थित पुराने सिद्धबली मंदिर में जाकर पूजन किया और बाबा के झंडे की स्थापना की। इस बीच पूरे क्षेत्र में सिद्धबली के जयकारे गूंजते रहे। शाम को क्षेत्र में सिद्धबाबा की झांकी निकाली गई। झांकी देखने के लिए शहर में लोगों की भीड़ लगी रही।

वहीं महोत्सव के दूसरे दिन आज शनिवार को सुबह 5 बजे पिंडी महाभिषेक, 7 बजे एकादश कुंडीय यज्ञ तथा 11 बजे से गढ़वाली भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें वैदिक जागरण सम्राट एवं लोकगायक मंगलेश डंगवाल ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वरम व भारत माता मंदिर हरिद्वार के महामंडलेश्वर ललितानंद महाराज उपस्थित रहे।



कोटद्वार में श्री सिद्धबली महोत्सव के आरंभ होने पर पूजन करते पंडित।

## बलूनी स्कूल की छात्रा का उत्तराखंड कबड्डी टीम में चयन

कोटद्वार ( चिंगारी )। तल्ला मोटाढ़ाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल की छात्रा अत्रीक्षा नेगी का चयन अंडर-16 उत्तराखंड कबड्डी टीम में हुआ है। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बलूनी एजुकेशनल ग्रुप की कोटद्वार विंग निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने कहा कि छात्रा की कड़ी मेहनत, समर्पण, एवं स्कूल स्पोर्ट्स एकेडमी के कोचों और मेंटर्स के निरंतर मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज वह इस मुकाम तक पहुंची हैं। वहीं ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर निरंतर कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि आज शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं। मौके पर समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## महोत्सव के मद्देनजर, भारी वाहन नहीं आयेंगे शहर के अन्दर

कोटद्वार ( चिंगारी )। तीन दिवसीय श्री सिद्धबली महोत्सव अनुष्ठान के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए यातायात पुलिस ने रोड मैप तैयार किया है। यातायात निरीक्षक कोटद्वार संदीप तोमर ने बताया कि रविवार तक सुबह आठ से रात नौ बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, वाहन चालकों को पार्किंग प्लान का पालन करना होगा। इसके तहत नजीबाबाद की ओर से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के सभी प्रकार के वाहनों को डिग्री कॉलेज में खड़ा कराया जाएगा। कार से आने वाले श्रद्धालुओं की कारें ऑडिटोरियम के निकट से गुजारकर ग्रास्टनगंज में खड़ी कराई जाएंगी। पौड़ी की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं जल संस्थान की पार्किंग व अन्य छोटी-छोटी पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। कौड़िया की ओर से दुगड्डा की ओर जाने वाले भारी वाहन बालासौड़ तिराहा से देवी मंदिर होते हुए घराट रोड, डिग्री कॉलेज से होकर गुजरेंगे। गिवई सोत पुल से एनएच पर मंदिर की ओर कोई भी चौपहिया वाहन नहीं जाएगा। शहर में यातायात का दबाव अधिक होने पर पौड़ी मार्ग से आने वाले चौपहिया वाहनों को बुद्धा पार्क से डिग्री कॉलेज की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षा समिति ने शैक्षिक गतिविधियों का किया मूल्यांकन

कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड की ओर से कार्यालय एवं लेखा निरीक्षण, छात्र संसद, कन्या भारती व शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण में आए विद्या मंदिर रुद्रपुर के प्रधानाचार्य कैलाश त्रिपाठी, डोईवाला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेश गुप्ता, विद्या मंदिर आवास विकास ऋषिकेश के प्रधानाचार्य उमाकांत पंत, सेवानिवृत प्रधानाचार्य उमराव मनराल एवं वरिष्ठ आचार्य रविंद्र सिंह परमार ने वाह्य निरीक्षक एवं सेवानिवृत प्रधानाचार्य जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह रावत एवं आर्यकन्या इंटर कॉलेज की प्रवक्ता सरोज नेगी, उमा नेगी, रश्मि चौधरी ने स्थानीय निरीक्षक के रूप में शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया। तीन दिवसीय निरीक्षण के अंतिम दिन शुक्रवार को वंदना सत्र में प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने निरीक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही एनएसएस के बी व सी प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राहुल भाटिया, रोहित बलोदी, राकेश चमोली, सुबोध ध्यानी, शिवराम बडोला, भूपेंद्र रावत, मोहन सिंह गुसाईं, चंद्रप्रकाश, राजन कुमार, संगीता रावत, मधुबाला नौटियाल और सरोज नेगी सहित विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय संस्कृत स्पर्धा महोत्सव का समापन




### डॉ. रोशन गौड़ संस्कृत समाराधक सम्मान से किये गये सम्मानित

कोटद्वार ( चिंगारी )। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित 17वें राज्य स्तरीय संस्कृत स्पर्धा महोत्सव-2025 के समापन अवसर पर हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में पौड़ी जिले के जनपद संयोजक रोशन लाल गौड़ को संस्कृत भाषा को समृद्ध बनाने के क्षेत्र में 12 वर्षों से निरंतर कार्य करने पर राज्य के प्रथम संस्कृत समाराधक सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह में उन्हें यह सम्मान उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के सचिव प्रो. मनोज किशोर पंत, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश शास्त्री तथा संस्कृत निदेशालय, उत्तराखण्ड की निदेशिका डॉ. कंचन देवराड़ी द्वारा प्रदान किया गया। अतिथियों ने कहा कि यह सम्मान उन्हें संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार व संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदान किया गया है। साथ ही अतिथिगणों द्वारा संस्कृत भाषा को समृद्ध बनाने के लिए उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई तथा सभी विजेताओं, प्रतिभागियों व आचार्यों को भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में शोधाधिकारी डॉ. हरीश गुरुरानी, वित्ताधिकारी सतेंद्र डबराल, प्रकाशन अधिकारी किशोरी लाल रतूड़ी, सहायक निदेशक डा. बाजश्रवा आर्य, पौड़ी जिले के सहायक निदेशक मनोज सेमल्टी व कुलचिव दिनेश कुमार सहित प्रदेश के सभी जनपद संयोजक व सह-संयोजक उपस्थित रहे।

## संघ के पौड़ी कार्यवाह के निधन पर शोक व्यक्त

कोटद्वार ( चिंगारी )। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोटद्वार की ओर से शुक्रवार को मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संघ के पौड़ी कार्यवाह संजय पाल सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके निधन को संघ के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त गृह संपर्क अभियान के दौरान पौड़ी से आते समय उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उनका आकस्मिक निधन हो गया। कहा कि वे संघ के अनेक दायित्वों का निर्वहन कर चुके थे और वर्तमान में भी पौड़ी कार्यवाह के दायित्व का निर्वहन करते हुए जिले में संघ के कार्यों को गति देने का कार्य कर रहे थे। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में संघ के प्रांत प्रचारक डा. शैलेंद्र, विभाग प्रचारक राहुल, जिला प्रचारक कमल, जिला प्रचार प्रमुख अरविंद दुदपुड़ी व जितेंद्र रावत सहित अन्य स्वयं सेवक शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# किसान संगठनों के विरोध के चलते ईवा हॉस्पिटल पुनः सील

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित ईवा हॉस्पिटल सील खोलने पहुंचे चिकित्सकों की टीम को किसान संगठनों के विरोध के चलते अस्पताल को फिर से सील करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नजीबाबाद के ईवा हॉस्पिटल में ग्राम जहानाबाद निवासी एक महिला प्रसव के लिए पहुंची थी। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया था, जहां अगले दिन महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने ईवा हॉस्पिटल के सामने महिला का शव रखकर जमकर हंगामा किया था। दिनभर हंगामे के बाद ग्रामीणों की मांग पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया था। वहीं पुलिस ने भी महिला के पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थीं। शुक्रवार को डॉ. नरेश जौहरी एवं डॉ. आरपी विश्वकर्मा उप मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर नजीबाबाद के ईवा अस्पताल में जांच को पहुंचे थे। पीड़ित पक्ष व विवेचक की अनुपस्थित होने पर मृतक महिला के परिजन व किसान संगठन के नेताओं ने इसका विरोध किया। हंगामा बढ़ते देख विभाग द्वारा अस्पताल को पुनः सील कर दिया गया। उधर डॉ. नरेश जौहरी एवं डॉ. आरपी विश्वकर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल का पूर्ण निरीक्षण, विडियोग्राफी के साथ किया गया। हास्पिटल मैनेजर का बयान लिया जा रहा था। विवेचक व पीड़ित पक्ष नहीं थे बाद में पुनः अस्पताल को सील किया गया है।

# खुश हुए किसान, बिजनौर शुगर मिल ने किया 25 करोड़ गन्ना भुगतान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय वेव शुगर मिल बिजनौर ने मिल शुरू होने से 25 नवंबर तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान किसानों के खाते में देने के लिए गन्ना समिति बिजनौर को भेज दिया गया है। मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक रवींद्र शुक्ला एवं मोनी शर्मा एजीएम केन डेवलपमेंट ने संयुक्त बयान में बताया कि मिल द्वारा किसानों को 25 करोड़ रूपया गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दोनों अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे मिल को साफ सुथरा अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करें, ताकि अधिक चीनी परता प्राप्त कर समय से किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा सके। उल्लेखनीय है कि बिजनौर वेव शुगर मिल जिले की ऐसी मिल है जिसने एक मुश्त 25 करोड़ का गन्ना भुगतान किया है।






## बिना दरवाजे के घर में घुसकर चोरी?

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सौफतपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि देर रात्रि उसके बिना दरवाजे के घर में घुसकर चोर ने नकदी व कुछ जेवर चोरी कर लिये , जबकि पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है। नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर निवासी नीरज कुमार पुत्र कामेंद्र सिंह ने पुलिस को दो तहरीर में कहा है कि बीती रात्रि लगभग डेढ़ बजे उसके घर में घुसकर चोर ने एक बैग में रखे 10 हजार रूपये , दो जोड़ी पायल , एक जोड़ी बिछुए और सोने की लौंग चोरी कर ली। उसके पिता की चारपाई पर रखा जिओ का छोटा मोबाइल भी चोरी कर लिया। आहट से उसके पिता की आंखें खुलीं , तो चोर भागता हुआ दिखाई दिया। उन दोनों ने पीछा किया , मगर चोर भाग निकलने में कामयाब हो गया। चोर अपनी साइकिल छोड़कर भाग गया। नीरज ने बताया कि उसका घर खुला है , क्योंकि अभी घर पर दरवाजे नहीं लगे हुए हैं। कपड़ों के बैग में बीच में नकदी व जेवर रखे हुए थे। सूचना पर थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने पुलिस बल के साथ उक्त घर का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने घटना को संदिग्ध बताया है। उधर चोर द्वारा छोड़ी गई साइकिल हरचंदपुर के एक व्यक्ति की बताई जाती है , जो रात्रि में ही गायब हुई थी।

## विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 8 जनवरी को

नजीबाबाद (चिंगारी)। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बिजनौर के तत्वावधान में विधानसभा नजीबाबाद के विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 8 एवं 9 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से सोफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ग्राम सोफतपुर (नांगल-चंदक रोड) पर किया जाना प्रस्तावित है। प्रतियोगिता सबजूनियर, जूनियर, सीनियर बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल कबड्डी, फुटबाल, भारोत्तोलन आदि विधाओं में आयोजित की जाएगी। सभी खिलाड़ियों को साथी पोर्टल पर अपना रजिस्टेशन कराना अवश्य होगा।


**प्लॉट बिकाऊ है**

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 9639919509,
9759593153,
9411016000



